दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 209 जयपुर, रविवार, 09 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

#राजस्थान_करो_एलान

राहत का फैलाओ ज्ञान और पाओ इनाम

प्रतिदिन

प्रथम पुरस्कार
₹1 लाख

द्वितीय पुरस्कार
₹50 हजार

तृतीय पुरस्कार
₹25 हजार

₹1000 के 100
प्रेरणा पुरस्कार
भी घोषित किये जाएंगे
प्रतिदिन

जन सम्मान
वीडियो
कांटेस्ट



राजस्थान संवाद

अधिक जानकारी के लिए लॉग इन करें
jansamman.rajasthan.gov.in

आयोजना विभाग, राजस्थान

## जरूरी खबर

### किरोड़ी व पूनियां राष्ट्रीय कार्यसमिति में शामिल




**जयपुर।** भाजपा ने शनिवार को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यों की सूची जारी की। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने राष्ट्रीय कार्यक्रम समिति सदस्यों की नियुक्तियां की हैं। इस 10 सदस्यीय सूची में राजस्थान से राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां का नाम शामिल है। इसके अलावा सुरेश कश्यप, संजय जायसवाल, विष्णु देव, धरमाल कौशिक, अश्विनी शर्मा, बंदी संजय कुमार, सोमवीर राजू और दीपक प्रकाश को सूची में जगह मिली है।

### जन सम्मान कॉन्टेस्ट को लेकर लोगों में उत्साह

**जयपुर।** जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। लॉन्चिंग के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म #JansammanJaiRajasthan पर राज्य की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी से संबंधित वीडियो अपलोड किए हैं। पहले दिन के कॉन्टेस्ट का परिणाम 10 जुलाई को ऑनलाइन जारी होगा। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और आमजन को उनका वास्तविक लाभ मिलना सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट की शुरुआत की थी।

### ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक पांच अगस्त से होंगे शुरू



**जयपुर।** राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक- 2023 के आयोजन की तिथि में तीसरी बार परिवर्तन किया गया है। अब इन खेलों का शुभारंभ 5 अगस्त को होगा। पहले 10 जुलाई को आयोजन होना था। शासन सचिव, खेल विभाग नरेश कुमार ठकराल ने बताया कि आगामी दिनों में बारिश की संभावना एवं अन्य कारणों को देखते हुए इन खेलों के आयोजन की तिथियों में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि खेलों के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की पूरी तैयारी है। खेलों में भाग लेने के लिए लगभग 57 लाख लोगों ने पंजीकरण करवाया है, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

**देवताओं की शरण में कांग्रेस: श्री गोविंद देव जी मंदिर विकास कार्य के लिए 20.30 करोड़ रुपए स्वीकृत**

# प्रदेश के मुख्य शिवालयों में सरकार करवाएगी जलाभिषेक

■ सावन में भगवान शिव का जलाभिषेक शुभ: शकुंतला रावत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब देवताओं की शरण में है। सरकार ने राज्य में सुख, समृद्धि, शांति, अच्छी वर्षा व खुशहाली के लिए श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक कराने की तैयारियां की हैं।

देवस्थान विभाग के अधीन आने वाले सभी शिवालयों और प्रदेश के अन्य सभी प्रमुख शिव मंदिरों में भी विभाग की ओर से रुद्राभिषेक करवाया जाएगा। देवस्थान विभाग मंत्री शकुंतला रावत ने शनिवार को जयपुर के श्रीरामचंद्र जी मंदिर से यह जानकारी दी। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के श्री गोविन्द देव जी मंदिर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 20.30 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

इसके साथ ही गहलोत ने बीकानेर के श्री राजरतन बिहारी मंदिर में भी जीर्णोद्धार और सुविधाओं के लिए 3.62 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है। दोनों ही जगह यह राशि पर्यटन विकास कोष से खर्च की जाएगी। माना जा रहा है कि सीएम की इस स्वीकृति से मंदिरों का सौन्दर्यीकरण, मंदिर मार्गों और जन सुविधाओं का विस्तार हो सकेगा और श्रद्धालुओं को भी दर्शन में सुगमता होगी। इससे पहले गहलोत ने बजट में 100 करोड़ रुपए की लागत से श्री गोविंद देव जी मंदिर परिसर में भव्य कॉरिडोर व अन्य विकास कार्य कराए जाने की घोषणा की थी। यह कॉरिडोर काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर बनेगा। इससे श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी।



### डॉ. जोशी ने जताया आभार

जलदाय मंत्री और हवामहल विधायक डॉ.महेश जोशी ने गोविंद देवजी मंदिर में काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर 100 करोड़ की लागत से कॉरिडोर निर्मित करने और अन्य विकास कार्यों के लिए 100 करोड़ की बजट घोषणा के तहत पहले चरण में 20.30 करोड़ रुपए की वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी देने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जताया आभार जताया है। गोविंद देवजी मंदिर में कॉरिडोर विकसित करने के लिए जल्द ही कार्ययोजना के तहत विकास कार्यों के टेंडर जारी होंगे।

### 50 से 60 मंदिरों की सूची तैयार

देवस्थान विभाग मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि प्रत्येक जिले के कम से कम एक शिव मंदिर में जलाभिषेक का कार्यक्रम जरूर होगा। अब तक करीब 50 से 60 मंदिरों की सूची तैयार की जा चुकी है। बजट विभाग की ओर से दिया जाएगा। शकुंतला रावत ने कहा कि अधिकमास भगवान विष्णु से जुड़ा है, ऐसे में एक आयोजन भगवान विष्णु के मंदिर में भी किया जाएगा। इसके अलावा सावन की ग्यारस और अष्टमी में भी आयोजन किए जाएंगे। ब्रजनिधि मंदिर के सामने मौजूद प्रतापेश्वर मंदिर में सोमवती अमावस्या पर होने वाले आयोजन में वो खुद जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके अलावा आमेर स्थित रामेश्वरम, पुराना घाट, सिरह ड्योढ़ी के मंदिरों में भी इसी तरह के आयोजन होंगे। रावत ने कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव का जलाभिषेक भी शुभ माना जाता है। इसलिए देवस्थान विभाग के मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों में जलाभिषेक का कार्यक्रम होगा। जिसमें रुद्री पाठ के साथ सहस्त्रधारा का आयोजन होगा।

**प्रधानमंत्री ने प्रदेश के प्रमुख मंदिरों व देवताओं को किया याद**

# अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे बनेगा ग्रोथ का इंजन: गडकरी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बीकानेर पहुंचकर अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे की देशवासियों को सौगात दी। इस दौरान सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजस्थान के लिए यह हाईवे ग्रोथ का इंजन साबित होगा। रोजगार आएंगे, गरीबी दूर होगी। इस हाईवे से अमृतसर (पंजाब) से जामनगर (गुजरात) के बीच अब 26 घंटे की बजाय 13 घंटे का समय लगेगा। इससे पहले राजस्थान को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की दौसा में सौगात मिल चुकी है। आज अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे की सौगात मिली।

अमृतसर से जामनगर जाने के लिए जितना पेट्रोल और डीजल खर्च होता था, अब उसमें करीब आधा ईंधन खर्च होगा। इस एक्सप्रेस-वे से देश की तीन रिफाइनरी एचएमईएल बठिंडा, एचपीसीएल बाड़मेर और आरआईएल जामनगर जुड़ जाएगी। वहीं, गुरु नानक देव थर्मल प्लांट(बठिंडा) और सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट(श्रीगंगानगर) भी जुड़ जाएंगे।

यह एक्सप्रेस-वे भारतमाला और अमृतसर-जामनगर इकॉनोमी कोरिडोर का हिस्सा है। यह चार राज्यों पंजाब, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात से होकर गुजरेगा। यह एक्सप्रेस-वे राजस्थान के बीकानेर संभाग के बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ से गुजरेगा। यह एक्सप्रेस-वे पूरे पश्चिमी भारत को औद्योगिक ताकत देगा।

इससे पहले पीएम ने भाषण में राजस्थान के प्रमुख मंदिरों व देवताओं को याद किया। पीएम ने सभी को नमन कर भाषण शुरू किया। मोदी बोले-सालासर बालाजी और करणी माता ने राजस्थान को हमेशा नंबर-1 रखा है। केंद्र सरकार भी राजस्थान को विकास में नंबर-1 ही रखने के लिए पूरा जोर लगा रही है। मोदी ने बीकानेर को लेकर कहा कि यह पावन धरा मां करणी की धरती है। सांख्य दर्शन के प्रणेता भगवान कपिल की तपोभूमि है। रुणिचा धाम रामदेवरा के बाबा रामदेव जी सिद्ध समाज के गुरु जसनाथ जी और वीर तेजाजी के भक्तों की धरती है, इन सभी को नमन करता हूं।

**इस हाईवे के बनने से 26 की बजाय 13 घंटे में पूरा होगा सफर**



### सबसे ज्यादा महंगाई राजस्थान में

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि सबसे देश में ज्यादा महंगी बिजली और पेट्रोल राजस्थान में है। दुष्कर्म, महिला अत्याचार, रीट मामला, किसान कर्जा सभी में राजस्थान सबसे आगे है। कन्हैयालाल की आत्मा आज भी चीख रही है, विद्यालय में दुष्कर्म हो रहा है, रक्षक-भक्षक बने हुए हैं। कांग्रेस सरकार तुष्टीकरण की नीति अपना रही है।

### पर्यटन से जुड़े अवसरों का होगा विस्तार



मोदी की इस सभा में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी मौजूद रहीं। राजे ने ट्वीट कर कहा कि तेज रफ्तार एक्सप्रेस-वे और रेलवे से पूरे राजस्थान में पर्यटन से जुड़े अवसरों का विस्तार होगा। इसका सबसे बड़ा लाभ युवाओं और लोगों को होगा।

### बेटियों के खिलाफ साजिश करने वालों को खुली छूट

वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में बेटियों के खिलाफ साजिश करने वालों को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने खुली छूट दे रखी है। कांग्रेस सरकार को बेटियों की सुरक्षा की, बेटियों के हितों की परवाह नहीं हैं। वहीं बीकानेर से प्रदेशवासियों को जो सौगात पीएम ने दी, उसको लेकर पूरे राजस्थान की ओर से राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

**एक करोड़ 72 लाख होंगे खर्च**

# प्रदेश की 66 ITI में स्मार्ट क्लास रूम बनाएगी सरकार

**बेधड़क** | जयपुर



राज्य सरकार प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में आधुनिक शिक्षण सुविधाएं स्थापित कर रही है। इसी क्रम में अब प्रदेश के 66 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में भी एक-एक स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना की जाएगी।

प्रति स्मार्ट क्लास 2.62 लाख रुपए की लागत आएगी। इसमें कुल 1 करोड़ 72 लाख 92 हजार रुपए व्यय होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

इस निर्णय से शिक्षण तकनीक और मजबूत होगी। विद्यार्थियों को भी डिजिटल पढ़ाई के अवसर मिलेंगे। वे किताबों के साथ-साथ इंटरनेट पर सिलेबस से संबंधित अन्य सामग्री का भी ऑडियो-वीडियो के जरिए अध्ययन कर सकेंगे।

### सृजित एकल पदों के कार्मिक भी होंगे पदोन्नत

राज्य के विभिन्न विभागों में सृजित एकल पदों पर कार्यरत कार्मिकों को भी अब पदोन्नति मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने इन्हें पदोन्नति के अवसर देने संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इससे अब एकाकी पदों वाले संवर्गो में पदोन्नति वाले पद सृजित किए जाएंगे। इस स्वीकृति से विभिन्न विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, वाहन चालक, कुक, वेटर, प्रयोगशाला परिचारक, तकनीशियन, हेल्पर, सर्वेयर, रिकॉर्ड कीपर, फैरोमेन, लिफ्टमैन, टेलीफोन ऑपरेटर, मशीनमेन, लाइब्रेरियन, सहायक लाइब्रेरियन, शिक्षा सहायक, इलेक्ट्रिशियन ग्रेड-2, शिक्षा सहायक, प्रयोगशाला सहायक, संयुक्त सलाहकार (वित्त), मैनेजर ग्रेड-2 सहित विभिन्न एकाकी पदों पर कार्यरत कार्मिक तीन पदोन्नतियां का लाभ ले सकेंगे।

### सोलर प्लांट को वित्तीय स्वीकृति प्रदान

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 97 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं 8 कार्यालयों में सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए 12.88 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इससे संस्थानों में 2601.60 किलोवाट के स्मॉल सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। इनकी स्थापना से विद्युत की बचत होगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क विकास को दें प्राथमिकता

**बेधड़क** | जयपुर

सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्यालय पर शनिवार को राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने विभागीय बजट घोषणाओं की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंनें विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों के सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के विकास का कार्य को प्राथमिकता से किया जाए, ताकि आम जन को मुख्यमंत्री द्वारा की गई बजट घोषणाओं से लाभान्वित किया जा सके। वहीं लंबित और अधूरी बजट घोषणाओं को त्वरित गति से लागू किया जाए। गालरिया ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समयबद्ध कार्य प्रक्रिया को पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यप्रणाली में गति लाएं।



बैठक में मुख्य अभियंता संजीव माथुर, मुकेश भाटी, सुबोध मलिक, सुनील जय सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी प्रमाण पत्र बनाने पर होंगे डिबार

**बेधड़क** | जयपुर

सरकार की ओर से मिलने वाली सामाजिक स्तर की कई छात्रवृतियों में फर्जीवाड़े के मामले सामने आने पर सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग अब जल्द ही शिकंजा कसने जा रहा है। छात्रवृति योजनाओं का फर्जी तरीके से गलत फायदा उठाने वाले छात्रों को डिबार किया जाएगा।

विभाग की बैठक में इसके लिए निर्देश जारी हो चुके हैं। विभाग की ओर से योजनाओं में किसी भी तरह से फर्जीवाड़ा करने पर संस्थाओं पर भी कार्रवाई कर उनकी संबद्धता खत्म की जाएगी। इसी प्रकार संदेहास्पद प्रकरणों को रोकने के लिए छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत संचालित पोर्टल को वर्तमान सत्र से ही अपडेट किया जाएगा। साइबर फ्रॉड रोकने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों के जाति प्रमाण, मूल निवास का विवरण दस्तावेज पर निगरानी रखी जा सकेगी और दस्तावेज जारीकर्ता एजेंसी के डेटाबेस से वेब सर्विस के माध्यम से प्राप्त कर सिस्टम द्वारा स्वतः सत्यापित किया जाएगा। विभाग को कुछ समय से छात्रवृति योजनाओं में फ्रॉड की शिकायतें मिल रही थीं।

जिसमें कुछ छात्र ई-मित्र संचालकों एवं शिक्षण संस्था से मिलीभगत कर अनियमित रूप से छात्रवृत्ति का उठा रहे थे। फर्जीवाड़े के मामले में हाल में सवाई माधोपुर से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

**शहरभर में लगाए होर्डिंग्स, सोशल मीडिया पर चलाया कैंपेन**

# बीकानेर में सभा से पहले प्रधानमंत्री मोदी को कांग्रेस ने सवालों से घेरा

■ पोस्टर्स में पूछा- कर्मचारियों के NPS का पैसा कब लौटाओगे?

**बेधड़क** | जयपुर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बीकानेर दौरे पर रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने राजस्थान करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। राजस्थान में प्रधानमंत्री के चुनावी दौरे के बीच कांग्रेस भी हाई अलर्ट नजर आई।

कांग्रेस ने पीएम के दौरे से पूर्व शहरभर में होर्डिंग्स लगाकर केंद्र सरकार को सवालों से घेरा, साथ ही इसके लिए सोशल मीडया पर 'जवाब दो मोदी जी' शीर्षक के साथ कैंपने भी चलाया गया। वहीं जनसभा के बाद पीएम के भाषण में कांग्रेस पर लगाए गए आरोपों पर पार्टी नेताओं ने पलटवार किया। कांग्रेस ने होर्डिंग्स और पोस्टर्स के जरिए कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए, उन्हीं मुद्दों पर प्रधानमंत्री से सवाल किया।

इन पोस्टर्स में न्यू पेंशन स्कीम, लम्पी और किसान कर्ज माफी, महंगाई से जुड़े सवाल शामिल रहे। पोस्टर्स में पूछा गया कि कर्मचारियों के NPS का पैसा कब लौटाओगे? पूर्वी राजस्थान ERCP को क्यों रोका? राष्ट्रीयकृत बैंकों से किसानों की कर्ज माफी क्यों रोकी? राजस्थान की जनता इन सवालों के जवाब मांग रही है।




### राजे लंबे समय से अपने पुत्र को केन्द्रीय मंत्री बनवाने के प्रयास में: डोटासरा

पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने के अपने वादे पर एक शब्द भी नहीं बोलकर राजस्थान की जनता को निराश किया है। केन्द्र सरकार की क्रोनी कैपिटलिज्म नीति के तहत देश की सार्वजनिक सम्पत्तियां और सार्वजनिक उपक्रम विशेष उद्योगपतियों के हाथ में दिए जा रहे हैं। जो सार्वजनिक लूट का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश संगठनों में भाजपा के नेताओं के पुत्र-पुत्रियां शामिल हैं, जो मोदी को नजर नहीं आता है, केवल राजनीतिक उद्देश्य से कांग्रेस पर परिवारवाद के आरोप लगा रहे हैं, जबकि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे अपने पुत्र को केन्द्रीय मंत्री बनवाने का लम्बे समय से प्रयास कर रही हैं।

### राम और काम कांग्रेस के साथ: खाचरियावास

पीएम मोदी की सभा के बाद मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राम और काम कांग्रेस के साथ में हैं। भाजपा लगातार कांग्रेस पर बिलो द बेल्ट हमला कर रही है। मोदी के भाषण में प्रधानमंत्री के स्तर की भाषा नहीं थी। कांग्रेस लूट की दुकान नहीं, सेवा का मंदिर हैं। पेट्रोल-डीजल की महंगाई ने आम आदमी को खून के आंसुओं के लिए मजबूर कर दिया। गैस सिलेंडर केंद्र ने महंगा किया। वहीं प्रदेश सरकार ने हर वर्ग को राहत पहुंचाने का काम किया है।

### अधिकांश जल कनेक्शन अभियान से पहले हुए: जोशी



जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने पीएम मोदी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि देश के प्रधानमंत्री को एक बार फिर उनके ही मंत्री तथ्यों को छिपाकर गुमराह कर रहे हैं। ताकि राजस्थान को नीचा दिखाया जा सके। प्रधानमंत्री से उनके पिछले दौरे के समय भी गलत तथ्यों के आधार पर गलतबयानी करवाई गई थी। डॉ. जोशी ने कहा है कि जिन 130 जिलों में नल से जल पहुचंने के 100 फीसदी काम का जिक्र पीएम ने किया है, उन्हें यह बताना चाहिए कि उन 130 जिलों में जेजेएम अभियान के तहत कितना-कितना काम किया गया। जिन 130 जिलों का जिक्र पीएम ने किया है, उनमें से अधिकांश जिलों में जेजेएम से पहले ही बड़ी संख्या में नल कनेक्शन मौजूद थे और कई जिले तो ऐसे हैं, जहां लगभग-लगभग सारे जल कनेक्शन जेजेएम अभियान चालू होने से पहले हो चुके थे।

### मणिपुर दंगों पर चुप क्यों हैं प्रधानमंत्री मोदी

पीएम के दौरे पर पीसीसी प्रवक्ता आरसी चौधरी ने कहा कि मोदी राजस्थान सहित चुनावी राज्यों का कर रहे दौरा कर रहे हैं। लेकिन मणिपुर दंगों पर एक शब्द नहीं बोल रहे। जिन परियोजनाओं की आधारशिला और लोकार्पण कर रहे वो काफी नहीं है। देश और प्रदेश पीएम के जुमलों को जान चुका है कि वह सिर्फ बातें करते है।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 209 जयपुर, रविवार, 09 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




**हार सामने देख राज्य के कुछ विधायक बंगला कर रहे खाली**



### बीकानेर में मेघों के संग कांग्रेस पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बोले...

# राजस्थान में बाय-बाय मोड में कांग्रेस

## कांग्रेस का मतलब है लूट की दुकान... झूठ का बाजार

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस का मतलब है लूट की दुकान, झूठ का बाजार। इन दिनों जो ये बड़े-बड़े वायदे किए जा रहे हैं, उसमें लूट के इरादे और झूठ के पिटारे के सिवा और कुछ नहीं हैं। राजस्थान में जब से कांग्रेस सरकार आई है, तब से क्या किया? चार साल से यहां कांग्रेस में हर कोई एक-दूसरे की टांग खींच रहा है।

पीएम मोदी ने शनिवार को बीकानेर के नौरंगदेसर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भीड़ देखकर कहा कि लोगों का उत्साह बता रहा है कि यहां सिर्फ मौसम का पारा ही नहीं चढ़ा है, बल्कि कांग्रेस की सरकार के खिलाफ भी लोगों का पारा चढ़ गया है, और जब जनता का पारा चढ़ता है तो सत्ता की गर्मी उतरते और सत्ता बदलते भी वक्त नहीं लगता है।

उन्होंने केंद्र की योजनाओं को लेकर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया और जल जीवन मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें राजस्थान टॉप पर होना चाहिए था, लेकिन यह धीमा काम करने वाले राज्यों की लिस्ट में है। आज देश के 130 से ज्यादा जिलों में हर घर में नल से जल पहुंचा है, लेकिन इनमें राजस्थान का एक भी नहीं है।

■ पेज 2 भी देखें

### यहां कांग्रेस की हार सुनिश्चित

पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की हार इतनी सुनिश्चित है कि यहां की सरकार अभी से बाय-बाय मोड में आ गई है। मुझे पता चला है कि कुछ मंत्री और विधायक तो अभी से अपने सरकारी बंगले खाली करके खुद के घरों में शिफ्ट होने लगे हैं। अपनी हार पर इतना भरोसा सिर्फ कांग्रेस के नेता ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी कहावत है कि दीया बुझने से पहले उसकी लौ जोर से फड़फड़ाती है. अपनी हार के डर से कांग्रेस भी ऐसा ही कर रही है।

### महिलाओं के खिलाफ अपराधों में प्रदेश अव्वल

पीएम मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अपराध, विशेष कर बलात्कार के मामलों में राजस्थान को सबसे आगे बताते हुए कहा कि यहां रक्षक ही भक्षक बन रहे हैं। अपने वोट बैंक की राजनीति के लिए हमारी बेटियों पर गलत नजर डालने वालों को कांग्रेस संरक्षण दे रही है।

### प्रदेश में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं

पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसलिए हम यहां कनेक्टिविटी के इनफ्रास्ट्रक्चर को हाईटेक बना रहे हैं। तेज रफ्तार एक्सप्रेसवे और रेलवे से जुड़े अवसरों का भी विस्तार होगा।

### 150 साइकिल सवारों के साथ सभा स्थल तक पहुंचे मोदी

वायु सेना के विशेष विमान से मोदी बीकानेर के नाल एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से वे कार से 150 साइकिल सवारों के साथ सभा स्थल तक पहुंचे। जनसभा के दौरान और इससे पूर्व भी बारिश चलने के बावजूद उमड़े जनसैलाब को देख पीएम गदगद हो गए।

### नौ साल में बदली देश की तस्वीर: गडकरी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मुझे खुशी है कि 9 साल में देश की तस्वीर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर ने काफी बदली है। इस मौके पर राज्यपाल कलराज मिश्र, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पीएम ने दी ये 24,300 करोड़ की सौगातें...

**इनका शिलान्यास**

- अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे का सिक्स लेन वाला ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे खंड
- हरित ऊर्जा गलियारे के लिए अंतर-राज्य ट्रांसमिशन लाइन के चरण-I
- बीकानेर रेलवे स्टेशन की पुनर्विकास परियोजना
- 43 किमी लंबी चूरू-रतनगढ़ खंड रेलवे लाइन का दोहरीकरण

**इनका लोकार्पण**

- बीकानेर से भिवाड़ी ट्रांसमिशन लाइन
- बीकानेर में 30 बेड वाला ईएसआईसी अस्पताल

### आधुनिक उपकरणों से होगी वन्यजीवों की निगरानी



**जयपुर।** प्रदेश में वन्यजीवों की निगरानी आधुनिक तकनीक से युक्त उपकरणों से की जाएगी। साथ ही, वन क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए वायरलेस सिस्टम में भी सुधार किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने और उपकरणों की खरीद के लिए 15 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है।

# एसी चेयर कार, एग्जी. श्रेणी के किराए में होगी 25% कटौती

एजेंसी | नई दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने एक आदेश में कहा है कि वंदे भारत, अनुभूति तथा विस्टाडोम बोगियों वाली सभी ट्रेन में एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी के किराए में यात्रियों की संख्या के आधार पर 25 फीसदी तक की कटौती की जाएगी। आदेश के मुताबिक किराए में रियायत परिवहन के प्रतिस्पर्धी माध्यमों के किराए पर भी निर्भर करेगी। रेल सेवाओं के अधिकतम इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए



रेल मंत्रालय ने रेलवे मंडलों के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों को एसी सीट वाली ट्रेन के किराए में रियायत देने की शक्तियां प्रदान करने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के आदेश में कहा गया है, 'अनुभूति और विस्टाडोम बोगियों समेत एसी सीट वाली सभी ट्रेन की एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी में यह योजना लागू होगी।' इसमें कहा गया है, 'रियायत मूल किराए पर अधिकतम 25 प्रतिशत तक हो सकती है।

आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट सरचार्ज के साथ ही जीएसटी जैसे अन्य शुल्क अलग से लिए जा सकते हैं।

### 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप का बड़ा धमाका...

# 15 राज्यों के डिजिटल चैनल होंगे शुरू

बेधड़क | जयपुर

सोशल मीडिया और डिजिटल के दौर में 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप बड़ा धमाका करने जा रहा है। 'सच बेधड़क' जल्द ही राजस्थान समेत करीब 15 राज्यों के डिजिटल चैनल लॉन्च करेगा, जिसकी ग्रैंड लॉन्चिंग दिल्ली में होगी। 'सच बेधड़क' चैनल के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शनिवार को यह घोषणा की। साथ ही, उन्होंने जल्दी ही राष्ट्रीय स्तर पर एक धार्मिक सैटेलाइट चैनल भी लॉन्च करने का ऐलान किया।

### ग्रैंड लॉन्चिंग दिल्ली में होगी: विनायक शर्मा

करीब डेढ़ साल पहले प्रिंट मीडिया से शुरू हुआ 'सच बेधड़क' का कारवां इसी वर्ष सैटेलाइट न्यूज चैनल तक पहुंचा और अब डिजिटल के जमाने में 'सच बेधड़क' एक और नई शुरुआत करने जा रहा है। विनायक शर्मा ने बताया कि राजस्थान समेत यूपी. दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के साथ ही अन्य राज्यों के डिजिटल चैनल की



शीघ्र लॉन्चिंग होगी। इससे 'सच बेधड़क' की ऑनलाइन मौजूदगी राजस्थान व अन्य राज्यों में और बेहतर हो जाएगी। बेधड़क की डिजिटल सीरीज हर राज्य की स्थानीय खबरों पर केंद्रित होगी। यूट्यूब चैनल पर वीडियो और शॉर्ट फॉर्मेट में खबरें मिलेंगी, वहीं वेबसाइट पर न्यूज आर्टिकल, वेब स्टोरीज व जिले की खबरें होंगी। इस मौके पर 'सच बेधड़क' अखबार के संपादक मनोज माथुर, न्यूज चैनल के एडिटर (न्यूज) शान नन्दा, ग्रुप ब्यूरो हेड पंकज सोनी, वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा, डिजिटल हेड रवि कुमार समेत सच बेधड़क परिवार के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

**प्रदेश में व्यापक बारिश**

# गंगापुर सिटी और सपोटरा में करीब 7 इंच वर्षा, कई जिले तर-ब-तर

- बीसलपुर में 5 सेमी. आवक, गेज 313.30 आरएल मीटर
- दो जगह छोड़ सभी जगह दिन का पारा गिरकर पहुंचा 35 डिग्री से नीचे
- राजधानी में दोपहर से रुक-रुक कर चली बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेशभर में मानसून के दूसरे चरण के एक्टिव होने से गुलाबी नगर सहित राज्य की अधिकतर जगहों पर शनिवार को भी दिनभर रुक- रुककर बारिश हुई। टोंक के बीसलपुर बांध में शनिवार को 5 सेमी. पानी की आवक हुई। इससे बांध का गेज 313.30 आरएल मीटर पर पहुंच गया। इसकी कुल भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर है। राजधानी में दिनभर आमजन को उमस ने परेशान किया, मगर शाम को शुरू को हुई बारिश देर रात तक रुक-रुककर जारी रही, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया और आमजन को उमस से राहत मिली। इधर, मौसम केंद्र जयपुर ने रविवार को प्रदेश की राजधानी जयपुर समेत 16 जिलों में भारी और अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है ।

**राज्य में तापमान**

| | |
|---|---|
| चूरू 36°c | फतेहपुर 35.6° c |

**अन्य सभी जगह 35° से नीचे**




### वर्षाजनित हादसों में पांच लोगों की मौत

प्रदेश में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण दो जगहों पर चार लोगों की बिजली गिरने और डूबने से मौत हो गई। चित्तौड़गढ़ जिले में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सवाईमाधोपुर व सीकर में अलग-अलग हादसों में पानी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई।

### गुलाबी नगर में बारिश से 6 डिग्री गिरा पारा

राजधानी में दिनभर सूरज ने आमजन के साथ आंख मिचौली का खेल खेला। यहां सुबह मौसम में नमी महसूस की जा रही थी, मगर दिन दोपहर 12 बजे बाद तापमान बढ़ने लगा जो 33 डिग्री तक पहुंच गया। इसके बाद दोपहर 2 बजे नाहरगढ़, अजमेर रोड समेत कई जगह बारिश होने से तापमान में गिरावट आना शुरू हुई। फिर, रात को लगभग पूरे शहर में हुई झमाझम बारिश के बाद तापमान 27 डिग्री पर आ गया। इस दौरान यहां 27.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

### कई जगह 4 इंच और ज्यादा बरसात

राज्य में पिछले 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी में 170 एमएम, करौली के सपोटरा में 160, प्रतापगढ़ में 140, सिरोही के शिवगंज में 140, डूंगरपुर के आसपुर में 140, सिरोही में 103.5, अजमेर के नसीराबाद में 100, सवाईमाधोपुर के बामनवास और बौंली में 100-100, डूंगरपुर के साबला में 100 तथा पाली में 94 एमएम बारिश दर्ज की गई।

## जरूरी खबर

### अंतर जिला रेंज स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**झालावाड़।** शहर के श्रीजी मेहमी पुलिस परेड ग्राउंड में शनिवार को 31वीं अंतर जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। इसका शुभारंभ आईजी पुलिस कोटा रेंज प्रसन्न खमेसरा ने किया। इस दौरान एसपी रिचा तोमर सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे। आईजी ने आसमान में गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पुलिस जवानों ने उन्हें मार्च पास्ट की सलामी दी। एसपी तोमर ने बताया कि यहां प्रतिभागी जवानों के लिए माकूल व्यवस्थाएं की गई हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 489 पुरुष और महिला खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे।

### पड़ोसी युवक ने जबरन घर में घुसकर किया रेप

**अजमेर।** जिले में एक महिला को घर में अकेली पाकर पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। वारदात के समय पति किसी काम से बाहर गया था। वापस घर लौटा तो पत्नी ने आपबीती सुनाई। थाना प्रभारी नियाज मोहम्मद ने बताया कि एक महिला (22) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि 2 जुलाई की रात 11 बजे वह घर में अकेली थी। पति किसी काम से बाहर गया था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक जबरन उसके घर में घुस आया और उसके साथ रेप किया। आरोपी ने किसी को बताने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बोराड़ा पुलिस थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### एनकाउंटर के बाद मोर्चरी के बाहर समाज का धरना



**बाड़मेर।** जिले के गिड़ा इलाके के चीबी गांव में शुक्रवार को एनकाउंटर में तस्कर ओम प्रकाश की मौत के बाद शनिवार को परिजन और समाज के लोग मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। वहीं भोपालगढ़ विधायक पुखराज गर्ग भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना को लेकर बात की और एनकाउंटर को गलता बताया। उनका कहना है कि उनके पास हथियार भी नहीं था। इस मामले में उनकी पार्टी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल से चर्चा के बाद आगे की रणनीति तय करेगी।

**ब्रह्माकुमारी मुख्यालय** में आयोजित समाजसेवकों के राष्ट्रीय सम्मेलन को एससी आयोग उपाध्यक्ष ने किया सम्बोधित

# समाज सेवा से जागृत होती है वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना

**बेधड़क** | माउंट आबू

राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग उपाध्यक्ष सचिन विष्णुदेव सरवटे ने कहा कि अध्यात्म के साथ की गई समाज सेवा से वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना जागृत होती है। जीव-जन्तुओं से लेकर मानव, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण सहित सामाजिक सेवाओं के लिए सच्चे समाज सेवक के मन में किसी तरह का भेदभाव नहीं होता है।

इसी परिपाटी को सामने रखते हुए विश्व व्यापी ब्रह्माकुमारी संगठन की ओर से की जा रही सेवाओं की बदौलत समाज के हर तबके को एकता के सूत्र में पिरोने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा समाज सेवा में कई प्रकार की आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन सच्चा समाज सेवक उसकी परवाह किए गए बगैर उनसे प्रभावित न होकर अपनी मंजिल की ओर बढ़ता रहता है।

सरवटे शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के समाज सेवा प्रभाग की ओर से ज्ञान सरोवर अकादमी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का विषय 'मूल्य आधारित समाज की पुनर्स्थापना' रहा। इस दौरान प्रभाग अध्यक्षा राजयोगिनी संतोष बहिन ने विषय विकारों पर जीत पाने के उपाय सुझाते हुए स्वयं को परिवर्तन करने की शक्ति अर्जित करने के लिए आत्मा को परमात्मा से जोड़ने के सरल तरीके बताए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्विकारिता आत्मा के मूल संस्कार हैं।

सुख, शांति, आनंद, प्रेम, पवित्रता, ज्ञान, शक्ति आत्मा के निजी गुण हैं। ईश्वर की याद से ही सद्गुणों की प्राप्ति होती है।




### जीवन मूल्यों को करें आत्मसात

दिल्ली से आए प्रख्यात समाज सेवक डॉ. जी.पी. भगत ने राजयोग के माध्यम से जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने माता-पिता, परिवार, समाज और हर मानव का सम्मान करने की मानसिकता के साथ निरंतर समाज सेवा में अपनी सहभागिता बनाए रखने की बात कही। प्रभाग के उपाध्यक्ष प्रेम सिंह ने सम्मेलन की महता पर प्रकाश डालते हुए जीवन को सामाजिक सरोकारों के लिए सशक्त बनाने के लिए राजयोग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया। वहीं प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बीके अवतार ने जीवन को अध्यात्म से सराबोर करने के लिए सम्मेलन सहभागियों से प्रेरणास्पद अनुभव साझा किए। प्रभाग की अतिरिक्त राष्ट्रीय संयोजिका बीके वंदना बहिन, दिल्ली क्षेत्रीय संयोजिका बीके आशा बहिन, मुख्यालय संयोजक बीके वीरेंद्र आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलन के साथ सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया।

### सहभागिता पर जोर

समारोह में नेपाल के नारायणगढ़ से आए मित्र मिलन समाज के अध्यक्ष बालाराम जोशी ने सामाजिक रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए छोटी से छोटी समाजसेवा में भी अपनी सहभागिता बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं अन्तरराष्ट्रीय प्रशिक्षक रोटेरियन सरजीव पटेल ने कहा कि अनावश्यक संग्रह की बढ़ती प्रवृत्ति समाज सेवा के क्षेत्र में बाधक बन जाती है। ईष्यावश प्रलोभनों के पूर्वाग्रह से ग्रस्त समाज की अन्तर आत्मा को मूल्यों से सुशोभित करने के लिए स्वयं के अंदर प्रेम, करूणा, दया, अहिंसा और सत्य के प्रति हमेशा द्रढ़ रहने से ही मूल्यनिष्ठ समाज की पुनर्स्थापना की जा सकती है।

**रफ्तार का कहर:** निजी बस ने कुचला, तीनों की मौके पर ही मौत

# फर्राटा भरती आई मौत, सड़क किनारे 3 युवकों की छीनी सांसें

**बेधड़क** | पाली

जिले में शनिवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। सड़क पर खड़े तीन युवकों को फर्राटा भरती तेज गति से आई एक बस ने कुचल दिया। तीनों युवक सड़क पर खड़े होकर अपने चौथे साथी का इंतजार कर रहे थे।

दिल दहला देने वाले इस हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची गुड़ा एंदला पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। यह हादसा पाली जिले के पेणावा और साकदड़ा के बीच हुआ।

गुड़ा एंदला थानाधिकारी प्रेमप्रकाश ने बताया कि हादसे में पैरवा (गुड़ा एंदला) के रहने वाले जैताराम (25) पुत्र वजाराम देवासी, जालोर जिले के मोहीवाड़ा (भाद्राजून) निवासी कानाराम (18) पुत्र रूपाराम देवासी और गुड़ा एंदला निवासी अमराराम (18) पुत्र मंगलाराम देवासी की मौत हो गई। तीनों युवक अपने एक और साथी के साथ दो बाइक पर सामाजिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में मंदिर में तीनों साथी दर्शन के लिए रुक गए थे। दर्शन के बाद तीनों सड़क किनारे खड़े होकर अपने चौथे साथी का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान तेज गति से आ रही निजी बस ने तीनों को चपेट में ले लिया।

### मंदिर दर्शन के बाद कर रहे थे चौथे साथी का इंतजार



#### परिवार ने शव उठाने से किया मना

तीन जवान बेटों की मौत होने पर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार और समाज के लोगों ने शनिवार को मुआवजे की मांग की और शव उठाने से इंकार कर दिया। उधर हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निजी बस को जब्त किया। वहीं युवकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। टक्कर के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

## पेड़ पर फंदा लगा एक साथ झूले पति-पत्नी

**बेधड़क** | जैसलमेर

जिले में मुलाना गांव में एक दंपति ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। एक साथ दो शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुलाना गांव की सरहद पर पेड़ पर फंदा लगाकर एक युवक-युवती के आत्महत्या करने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने शवों को फंदे से उतारकर मोर्चरी पहुंचाया और परिजनों को जानकारी दी। मृतकों की शिनाख्त पाली के आनंदपुरा कालू निवासी रविंद्र (23) और उसकी पत्नी रेखा (22) के रूप में हुई। दोनों की डेढ़ वर्ष पहले ही शादी हुई थी।

पुलिस की जानकारी में सामने आया है कि घरेलू कहासुनी के बाद दोनों पति-पत्नी घर से निकले थे। इसके बाद दोनों ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

**सरदारशहर के अजीतसर गांव की घटना**

## ऊंट ने मालिक का सिर चबाया, तड़प-तड़प कर हुई मौत

**बेधड़क** | चूरू



जिले के सरदारशहर के गांव अजीतसर में शनिवार को एक ऊंट इतना गुस्साया कि उसने अपने ही मालिका का सिर चबा डाला। ऊंट ने मालिक के सिर को जबड़े में जकड़ लिया और उसे जमीन पर पटक-पटक का मार डाला। इसके चलते ऊंट मालिक अजीतसर निवासी रामलाल (48) की तड़प-तड़प कर मौत हो गई।

चीख-पुकार की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। मालिक रामलाल को मौत के घाट उतारने के बाद ऊंट शव के पास ही बैठा रहा। मौके के हालत देखकर किसी की हिम्मत ऊंट के पास जाने की नहीं हुई। बाद जैसे-तैसे कर लोगों ने शव को ऊंट के पास से हटाया। इस दौरान लोगों ने उसका वीडियो भी बना लिया। ऊंट बार-बार अपने मालिक के शव पर मुंह को घुमा रहा था।

#### एक महीने पहले 45 हजार में खरीदा

रामलाल के चचेरे भाई हनुमाना राम ने थाने में रिपोर्ट दी है। उसने बताया कि रामलाल एक महीने पहले ही रतनगढ़ तहसील के कांगड़ गांव से 45 हजार रुपए में यह ऊंट खरीद कर लाया था। शनिवार को सुबह 5 बजे घर से करीब 3 किलोमीटर दूर खेत जोतने निकला था। खेत में सुबह 7 बजे ऊंट ने उसका सिर मुंह में जकड़ लिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। खेत के पड़ोसी मनफूल ने हादसे की हमें जानकारी दी।

**यूपी का विद्यार्थी** आईआईटी की कर रहा था तैयारी

## एक और कोचिंग छात्र ने दी जान

**बेधड़क** | कोटा

देश की प्रमुख कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में शुक्रवार देर रात एक और कोचिंग छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक बहादुर सिंह (17) फैजुल्ला नगर, रामपुर यूपी का रहने वाला था।

वह कोटा में महावीर नगर-2 में रहकर आईआईटी की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार महावीर नगर-2 में बहादुर सिंह अपने दोस्त के साथ एक मकान में रहकर आईआईटी की तैयारी कर रहा था। महावीर नगर-3 इलाके में रहने वाला छात्र का दोस्त जब शनिवार सुबह उसके कमरे पर पहुंचा तो घटना का पता लगा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को न्यू मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया और उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों के कोटा पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।



पुलिस ने बताया कि मृतक बहादुर सिंह दो माह पहले ही आईआईटी की तैयारी के लिए कोटा आया था। शनिवार सुबह उसका साथी छात्र कमरे पर पहुंचा तो घटना का पता चला। पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

बहादुर सिंह अपने दोस्त अर्पित के साथ पीजी में रह रहा था। दोनों रोजाना महावीर नगर स्थित एक लाइब्रेरी में रात को पढ़ाई करने जाते थे। शुक्रवार रात अर्पित ने बहादुर को लाइब्रेरी चलने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। शनिवार सुबह 7 बजे अर्पित वापस बहादुर के कमरे पर आया लेकिन उसने नहीं खोला। धक्का देकर गेट खोला तो अंदर बहादुर मृत पड़ा मिला।

**स्वायत्त शासन मंत्री ने किया** विकास कार्यों का लोकार्पण

## ट्रैफिक लाइट फ्री सिटी का सपना साकार

**बेधड़क** | कोटा

आमजन को सुगम यातायात और दुर्घटना मुक्त शहर के लिए शुरू की गई परियोजनाओं की कड़ी में स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने शनिवार को एक साथ दो सौगातें दी।

उन्होंने अभय कंमाड सेंटर से दादाबाड़ी तिराहे तक नव निर्मित सड़क एवं एमबीएस रोड़ पर निजी बस ठहराव स्थल का लोकार्पण किया। इस मौके पर स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि कोटा को प्रदेश का पहला सुगम यातायात एवं ट्रैफिक लाइट फ्री शहर बनाने का सपना साकार करने के लिए सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूरा किया गया है। उन्होने कहा कि सीएडी रोड़ से दादाबाड़ी जाने वाले वाहनों को अब सीएडी चौराहे पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।




अभय कंमाड सेंटर से दादाबाडी तिराहे तक 1100 मीटर लम्बी नवीन सड़क का निर्माण 10 करोड़ की लागत से कराया गया है। वहीं नगर विकास न्यास की ओर से 5 करोड़ की लागत से निजी बस पार्किंग का निर्माण किया गया है।

पार्किंग स्थल पर 400 निजी बसों के पार्किंग की सुविधा मिलेगी। स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि अब शहर में किसी भी चौराहे या सड़क पर बसों की अवैध पार्किंग पाई जाएगी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर महापौर मंजू मेहरा, उपमहापौर सोनू कुरैशी, पवन मीणा, अमित धारीवाल, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र त्यागी सहित स्थानीय पार्षद, जिला कलेक्टर एवं नगर विकास न्यास अध्यक्ष ओपी बुनकर, विशेषाधिकारी आरडी मीणा, सचिव राजेश जोशी, उप सचिव चंदन दुबे, पुलिस उपाधीक्षक आशीष भार्गव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**राजपूत समाज ने आरटीडीसी चेयरमैन का किया अभिनंदन**

# बदलेगा रिवाज, रिपीट होगी सरकार, समाज गहलोत के साथ: राठौड़

**बेधड़क** | अजमेर

लोहागल राजवंश सदन में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड का गठन व ईडब्ल्यूएस आरक्षण सरलीकरण करने पर आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ का राजपूत समाज की ओर से अभिनंदन किया गया।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी समाजों के साथ राजपूत समाज के लिए भी बहुत अच्छे फैसले किए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महाराणा प्रताप बोर्ड का गठन कर महाराणा प्रताप के साथ पूरे राजपूत समाज का सम्मान किया है। मुख्यमंत्री व कांग्रेस पार्टी ने राजपूत समाज के हितों के लिए जो कार्य किए और समाज को जो सम्मान दिया है, उसे समाजबंधु कभी भूल नहीं सकते। राजपूत समाज पूरी ताकत के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ा रहेगा। निगम अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव-2023 मुद्दों पर आधारित चुनाव होगा।

किसने किसका भला किया है और किसने कितना साथ दिया है, उसका नतीजा सामने होगा। उन्होंने कहा कि 2023 के चुनाव में रिवाज बदलेगा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में चुनाव लड़ा आएगा और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ईडब्ल्यूएस का सरलीकरण किया है, जिससे युवाओं को नौकरी मिली है।




जिन युवाओं को ईडब्ल्यूएस से नोकरी मिली है, वे युवा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कांग्रेस की सरकार को कैसे भूल सकते हैं। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से राजपूत समाज के लिए किए गए बेहतर फैसलों से समाज में भी बदलाव दिख रहा है। पहले मानते थे कि राजपूत समाज भाजपा को वोट देता है, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब राजपूत समाज कांग्रेस के साथ खड़ा है।

सभा के दौरान राठौड़ के संबोधन पर राजपूत समाज के लोगों ने कांगेस के लिए हाथ खड़े कर भरपूर समर्थन देने का संकल्प लिया। समारोह में मोहन सिंह राठौड़, चंद्रभान सिंह राठौड़, बृजेंद्र सिंह राठौड़, डॉ. संपत सिंह जोधा, पार्षद हेमंत जोधा, विकास अधिकारी विजय सिंह, भंवर सिंह राठौड़, मोती सिंह शेखावत, जोगेंद्र सिंह राठौड़, पार्षद नोरत गुर्जर, सर्वेश पारीक व सैम डेविडसन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### समाज ने किया समर्थन का वादा



समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने महाराणा प्रताप बोर्ड का गठन कर राजपूत समाज को गौरवान्वित किया है। राठौड़ ने कम समय में ही समाज के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वक्ताओ ने राठौड़ के लिए कहा कि आप आगे बढ़ो पूरा समाज आपके साथ है। समारोह में आरटीडीसी चेयरमैन राठौड़ की पत्नी हंसा कंवर भी शामिल हुईं। राजपूत समाज की अंजू कंवर, मीनू कंवर व हेमा कंवर आदि महिलाओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह के समापन के बाद आरटीडीसी चेयरमैन राठौड़ ने राजवंश सदन परिसर में पौधरोपण किया।

### इन वक्ताओं ने भी किया सम्बोधित

समारोह को संरक्षक राजवंश बहादुर सिंह, महेंद्र सिंह कड़ेल, जयमल कोर्ट पुष्कर अध्यक्ष कर्नल रघुवीर सिंह, क्षत्रिय प्रतिभा शोध संस्थान अध्यक्ष अजय सिंह, राजपूत छात्रावास अध्यक्ष सुमेर सिंह, राजपूत विकास परिषद अध्यक्ष रणजीत सिंह नोसल, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष बहादुर सिंह पीपरोली, नरेंद्र सिंह बवाड़ा, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष भगवान सिंह मझेवला, यशवर्धन सिंह झेरली, बार एसोसिएशन के नरेंद्र जालमपुरा, रणजीत सिंह राठौड़, राजवंश के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौड़ आदि ने संबोधित किया।

### मौसम हुआ रेशम, बारिश हुई रिमझिम... पर्यटन स्थलों पर उमड़ी भीड़


# घूमने निकला जयपुर... जाम हुई सड़कें

## ट्रैफिक ऐसा उलझा कि 15 मिनट के रास्तों को पार करने में लग गए दो-दो घंटे

बेधड़क.जयपुर। तीन-चार दिन से हो रही बरसात से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं पर्यटन स्थलों पर भी हरियाली झांकने लगी है। ऐसे में शनिवार को वीक डे होने के कारण बड़ी संख्या में लोग मौसम का मजा लेने के लिए घरों से निकले तो बाहर से आए लोग भी पर्यटन स्थलों की ओर चल पड़े। इसका असर दिखा शहर की सड़कों पर। जगह-जगह जाम की स्थिति बनती रही। परकोटे में तो हालात ऐसे थे कि आम दिनों में जिस रास्ते को 15 मिनट में पार किया जा सकता था, उस रास्ते से निकलने में दो घंटे से भी अधिक का समय लग गया। जयपुराइट्स और बाहर से आए ज्यादातर लोगों का रुख नाहरगह, आमेर, जयगढ़ और आमेर की ओर ही था। उन्हें पहले परकोटे के जाम और उसके बाद ब्रह्मपुरी थाने से आमेर तक जाम से गुजरना पड़ा। इधर, पर्यटन स्थलों की ऊंची दीवारों पर जहां पर्यटक सेल्फी के चक्कर में अपनी जान जान जोखिम में डालते नजर आए, वहीं दूसरी तरफ नाहरगढ़ के रास्ते में कई जगह लोग खुले में मादिरा सेवन करते नजर आए।

### मौसम में नमी, रात को झमाझम बारिश

राजधानी में शनिवार को सुबह 8:30 तक 27.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा दिनभर मौसम में नमी तो रही, मगर इस दौरान उमस ने अपने तेवर बरकरार रखे। यहां दिन में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री कम 33 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा दिन में तेज धूप भले ही नहीं पड़ी हो, मगर आमजन को गर्मी का अहसास हुआ। रात को 8 बजे से अधिकतर इलाकों में तेज बारिश शुरू हुई जो देर रात तक चली।








### सेल्फी के चक्कर में जान का जोखिम

आमेर, जयगढ़ सहित नाहरगढ़ की पहाड़ियों पर पर्यटक सेल्फी लेते देखे गए। कई लोग तो सेल्फी के चक्कर में जान तक जोखिम में डालते दिखे। जयगढ़ की सबसे ऊंचीं चोटी पर भी पर्यटकों की चहल-पहल नजर आई। पर्यटकों को यहां से हटाने के लिए कोई गार्ड मौजूद नहीं था। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने 10 जुलाई तक ऊंची जगहों पर नहीं जाने की चेतावनी जारी की थी, मगर लोग इसकी अवहेलना करते नजर आए।

### पुलिस रही मुस्तैद

नाहरगढ़ की पहाड़ी पर मदिरा सेवन करके लौटने वालों पर पुलिस की नजर रही। यहां ट्रैफिक इंचार्ज प्रदीप सिंह सिनसिनवार तैनात मिले, जो टीम के साथ प्रत्येक गाड़ी की चैकिंग के साथ नियम तोड़ने वालों पर कार्यवाही करते नजर आए।

### उमस-बारिश से पर्यटक कन्फ्यूज

मौसम सुहाना देखकर दोपहर 11 बजे बाद घूमने निकले पर्यटक दिनभर बदलते मौसम के रंगों को देखकर कन्फ्यूज की स्थिति में नजर आए। दरअसल राजधानी के नाहरगढ़ वाले इलाके में दोपहर 2 बजे बाद मौसम बदला और बादल छा गए। हसीन वादियों से घिरी इस जगह पर पहुंचे पर्यटकों को दोपहर 2:30 बजे बरसात का सामना करना पड़ा। बरसात से बचने की जुगाड़ करते पर्यटकों को बचाव की कोई जगह नजर नहीं आई। इसके बाद दोपहर को 3:30 बजे बाद मौसम बदला और पर्यटकों को उमस और गर्मी ने पसीने छुड़ाए।



### पहाड़ियों पर कई जगह छलके जाम

नाहरगढ़ की पहाड़ी पर रास्ते में जगह-जगह गाड़ी लगाकर कुछ युवा मदिरापान कर मस्ती करते नजर आए। कई जगह तो युवा रोड पर गाड़ी लगा पगडंडी पर बैठकर खुले में जाम छलकाते नजर आए। यहां भी कई जगह जाम की स्थिति नजर आई।

### ट्रैफिक में खूब हुए परेशान

राजधानी के परकोटे में दिनभर जाम की स्थिति रही। यह जाम घर से पर्यटन स्थल घूमने निकले हुए लोगों के लिए रंग में भंग डालने जैसा था। इधर, परकोटे में छोटी चौपड़, माणक चौक, ब्रहपुरी थाने के अलावा नाहरगढ़ रोड पर दिनभर लगे जाम के कारण वाहन रेंगते हुए नजर आए। इसके अलावा जाम की स्थिति को देखते हुए रूट भी डायवर्ट किया गया, मगर यह उपाय भी बौना नजर आया। पर्यटकों का कहना था कि जाम ने घूमने आने का मजा ही किरकिरा कर दिया है।

---

### मंत्री महेश जोशी ने हवामहल एरिया को दी कई सौगातें

## जोरावर सिंह गेट से रामगढ़ मोड़ तक के क्षेत्र की निखरेगी छवि

बेधड़क | जयपुर

जलदाय मंत्री और हवामहल विधायक डॉ. महेश जोशी ने शनिवार को हवामहल विधानसभा क्षेत्रवासियों को विभिन्न सौगातें दी। इस दौरान जोशी ने विधानसभा का दौरा भी किया। लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों ने जगह-जगह पर मंत्री महेश जोशी का सम्मान भी किया। जोशी ने राहत केम्पों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर उप महापौर असलम फारूकी, पार्षद भूपेन्द्र मीणा, अब्दुल वहीद, पार्षद मौजम अख्तर बानो, मो. शाकिर, सना वसीम, डॉ. स्नेहलता भारद्वाज, कमला शर्मा, मनीष सांखला, रवि शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष जावेद सेठी, अनवर अहमद, सूर्य प्रकाश वशिष्ठ, आस्था अग्रवाल, सुरेन्द्र शर्मा, विष्णु शर्मा, महेन्द्र शर्मा, हरीश लोंगवानी सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।



### इन योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

- कंवर नगर कन्या महाविद्यालय में नए भवन का शिलान्यास।
- कागदीवाड़ा शमशान घाट का लोकार्पण।
- शाहपुरा बाग जलमहल के सामने का लोकापर्ण।
- रामगढ़ मोड डिवाइडर का लोकार्पण।
- वार्ड 12 में शिलान्यास।
- नाले के निमार्ण कार्य का लोकार्पण।
- चंद्र शेखर आजाद कॉलोनी में शिलान्यास।
- दरवेश नगर में लोकार्पण।
- जोरावर सिंह गेट से रामगढ़ मोड तक डिवाइडर का लोकार्पण।
- लक्ष्मी नगर में शिलान्यास।
- भट्टा बस्ती में पट्टा वितरण।

### गोल्ड मेडलिस्ट को सम्मान का इंतजार...

## 6 साल से 'चक्कर' लगा रही एथलीट

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज में फायर वूमन फाइटर के रूप में कार्यरत विमला जग्रवाल पिछले छह साल से अपने ही अधिकार के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। विमला एथलीटक्स में वर्ष 2018 में देश के लिए दक्षिण कोरिया में आयोजित 13वें विश्व फायर फाइटर कम्पिटिशन में दो गोल्ड मेडल देश को समर्पित कर चुकी है। उनके गोल्ड जीतने पर खेल नियमों के आधार पर उन्हें प्रोत्साहन के रूप में पांच लाख रुपए की इनाम राशि और अतिरिक्त पदौन्नति निगम की ओर से दी जानी थी, लेकिन आज तक हेरिटेज निगम ने उन्हें किसी प्रकार से प्रोत्साहित नहीं किया।

विमला जग्रवाल ने बताया कि दक्षिण कोरिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में एथलीट में शॉटपुट में हेमर थ्रो खेल में सबसे लम्बा थ्रो फेंक कर उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किया था।



### स्वायत्त शासन विभाग दे चुका निर्देश

2 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतने के बाद स्वायत्त शासन विभाग भी हेरिटेज निगम को पत्र लिखकर खिलाड़ी विमला को प्रोत्साहन दिए जाने के निर्देश जारी कर चुका है। इसके बाद भी आज तक उन्हें किसी प्रकार का कोई सम्मान नहीं मिला है। 2018 में तत्कालीन नगर निगम ने भी बोर्ड बेठक में उन्हें प्रोत्साहन दिए जाने के प्रस्ताव पर मोहर लगा दी थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### सी-डैक कराएगी ऑनलाइन परीक्षा

## आवासन मण्डल में 311 पदों के लिए ऑनलाइन होगी भर्ती

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में लंबे समय से खाली पद अब जल्द भरने जा रहे हैं। बोर्ड ने 311 पदों पर भर्ती करने के निर्देश जारी किए हैं। भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। खास बात यह है कि इन भर्तियों के लिए आरपीएससी के साथ केन्द्रीय एजेंसी सी-डैक भी परीक्षा व्यवस्था को सम्भालेगी। परीक्षा केन्द्रीय एजेंसी को देने के पीछे परीक्षाओं में हुई धांधली का पुख्ता इंतजाम माना जा रहा है।

हाउसिंग बोर्ड आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि भर्ती इंजीनियर, टाउन प्लानर, क्लर्क और अकाउंटेंट समेत अन्य पदों पर की जाएगी। बोर्ड में करीब 20 साल से भर्ती नहीं हो रही थी। इसके कारण बड़ी संख्या में पुराने कर्मचारियों के रिटायर होने के बाद से पद खाली पड़े थे। पिछले दिनों 311 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव सरकार को भिजवाया था, मंजूरी आने के बाद अब भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।




### इन पदों पर होगी भर्ती

प्रोग्रामर पद के लिए 1, परियोजना अभियंता सीनियर (सिविल) के 48 और नगर नियोजन सहायक/वास्तुविद् सहायक के 4 राजपत्रित पदों के लिए आरपीएससी भर्ती कराएगा। कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर (एल-10) के 6, डाटा एंट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक) के 18, प्रोजेक्ट इंजीनियर जूनियर (सिविल) के 100, प्रोजेक्ट इंजीनियर जूनियर (विद्युत) के 11, वरिष्ठ प्रारुपकार के 4, कनिष्ठ प्रारुपकार 10, विधि सहायक 9, कनिष्ठ लेखाकार के 50 और कनिष्ठ सहायक के 50 अराजपत्रित पदों के लिए सी-डैक भर्ती कराएगा।

---

### वेबसाइट्स पर बदमाशों ने की शरारत

# इंडियन आइडल के ऑडिशन की फेक न्यूज ने युवाओं को दिया 'चक्कर'

प्राची सैनी | बेधड़क

**जयपुर।** वेबसाइटों द्वारा देश के सबसे बड़े सिंगिंग कांटेस्ट इंडियन आइडल की फर्जी इन्फॉर्मेशन वायरल कर बदमाशों ने देश के सैकड़ों युवाओं के साथ खिलवाड़ तो किया ही उनका डेटा भी ले लिया।

दरअसल 3-4 वेबसाइट पर इंडियन आइडल के सीजन 14 के ऑडिशन की न्यूज डाल दी और युवाओं से इसके नाम पर उनकी जानकारी जुटा ली। ऑडिशन के पुराने पोस्टर एडिट कर शहरों के नाम व पते भी डाल दिए। शनिवार को जयपुर के महर्षि अरविंद स्कूल में हजारों प्रतिभागी ऑडिशन देने पहुंचे। वास्तविकता का पता चला तो उनके होश उड़ गए।



**स्कूल प्रशासन को नहीं जानकारी**

मामले की पूरी पड़ताल के लिए महर्षि अरविंद स्कूल के एडमिन ऑफिसर आयुष शर्मा से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि स्कूल प्रशासन के पास ऐसी कोई इंफॉर्मेशन नहीं है। उन्होंने कहा कि बदमाशों ने पिछले साल की डेट को एडिट कर दिया है। पिछले साल 8 जुलाई को स्कूल में ऑडिशन हुए थे, लेकिन फिलहाल ऐसी कोई जानकारी नहीं है।

### ट्रैफिक जेनेरेट होने से हुए भ्रमित

वेबसाइट द्वारा ट्रैफिक जनरेट करने के लिए इंडियन आईडल के ऑडिशन को लेकर इंफॉर्मेशन जारी की गई। यह हूबहू ओरिजनल जैसी दिखने वाली वेबसाइट होने से युवाओं ने भ्रमित होकर अपनी सूचना भरकर तय दिनांक पर जयपुर पहुंच गए। दी गई जगह पर कोई ऑडिशन लेने वाला नहीं पंहुचा। ट्रैफिक जेनेरेट होने के कारण इंडियन आइडल सर्च करने पर इन फेक वेबसाइटों को ही टॉप पर दिखाया जा रहा है। इसी कारण देश भर के एक हजार से अधिक युवा जयपुर पहुंच गए। स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड द्वारा लौटने पर उनके सपने चूर-चूर हो गए।




> मैं प्राइवेट कंपनी में जॉब करता हूं और अपने हुनर को चुनाव के लिए ऑडिशन देने के लिए कल रात को घर से निकल गया। अब मेरे साथ हुए धोखे पर कितने लोग हंसेंगे। यह वक्त मुश्किल है, लेकिन सारेगामापा के लिए मैं फिर से जयपुर आऊंगा।
>
> **आरिफ खान,** चुरू

> जब मुझे पता चला कि इंडियन आइडल के ऑडिशन जयपुर में हो रहे हैं, तो मुझे लगा कि शायद मेरी चार साल की मेहनत यहां काम आएगी। अपना सब कुछ पीछे छोड़कर ऑडिशन के लिए जयपुर आने का सोचा। जेब में ज्यादा पैसे नहीं थे फिर भी पंहुचा, लेकिन उम्मीद नहीं थी सुबह वक्त ही बदल जाएगा।
>
> **सौरभ,** अहमदाबाद

### देश के कई शहरों में आगामी कार्यक्रम की सूची

वेबसाइट पर फेक न्यूज से केवल जयपुर ही नहीं आगामी दिनों में देश में भुवनेश्वर, दिल्ली और देश भर की विभिन्न मेट्रो सिटीज में लोग ऑडिशन देने की सूचना दी गई है। उन शहरों में रजिस्टर्ड हुए लोगों के साथ भी धोखा हो सकता है। ऐसे में अब इंडियन आइडल को आधिकारिक सूचना जारी कर लोगों को धोखे से बचाना चाहिए।

मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले में है गड़ियाघाट वाली माताजी का चमत्कारिक मंदिर

# मां के दरबार में जलता है पानी से दीपक



शाश्वत सनातन

*कई बार कुछ ऐसे चमत्कार होते हैं जो विज्ञान के साथ-साथ लोगों के लिए भी एक पहेली बने रहते हैं। भारत में अनेक ऐसे चमत्कारिक मंदिर हैं जो आज भी शोध का विषय हैं। इन मंदिरों में कुछ ऐसे चमत्कार होते हैं , जिन्हें साक्षात देखा जा सकता है। ऐसा ही चमत्कार एक देवी के मंदिर में दिखाई देता है, जिसमें दीपक को जलाने के लिए किसी घी या तेल की जरूरत नहीं होती। यहां पानी से दीपक जलता है। यह क्रम यहां कई सालों से चला आ रहा है।*





पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## कई सालों से लगातार जल रही है महाजोत

पूरे भारत में दुर्गा माता के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। देशभर में माता के कई मंदिर मौजूद हैं। इन मंदिरों में होने वाले चमत्कारों को पूरा संसार जानता है। एक ऐसा ही चमत्कारिक मंदिर मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में गड़ियाघाट वाली माताजी के नाम से मशहूर है। यह मंदिर कालीसिंध नदी के किनारे आगर-मालवा के नलखेड़ा गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर गाड़िया गांव के पास है। इस मंदिर में तेल या घी से दीपक नहीं जलता है। इस मंदिर में पानी से दीपक जलता है। भक्तों के अनुसार यह दीपक कई सालों से जल रहा है। इस मंदिर में पिछले कई साल से एक महाजोत लगातार जलती आ रही है। हालांकि, देश में ऐसे अनेक मंदिर हैं, जहां इससे भी लंबे समय से दीये जलते आ रहे हैं, लेकिन यहां की महाजोत की बात सबसे अलग है।

### सपने में आकर माता ने दिया पुजारी को आदेश

मंदिर के पुजारी का दावा है कि इस मंदिर में जो महाजोत जल रही है, उसे जलाने के लिए किसी घी, तेल, मोम या किसी अन्य ईंधन की जरूरत नहीं पड़ती है, बल्कि यह पानी से जलती है। पुजारी बताते हैं कि पहले यहां हमेशा तेल का दीपक जला करता था, लेकिन 2011 में उन्हें माता ने सपने में दर्शन देकर पानी से दीपक जलाने के लिए कहा। मां के आदेशानुसार पुजारी ने वैसे ही किया। सुबह उठकर जब पुजारी ने मंदिर के पास में बह रही कालीसिंध नदी से पानी भरकर दीपक में डाला और दीपक में रखी बाती के पास जैसे ही जलती हुई माचिस ले जाई गई, वैसे ही ज्योत जलने लगी। ऐसा होने पर पुजारी खुद भी घबरा गए और करीब दो महीने तक उन्होंने इस बारे में किसी को कुछ नहीं बताया, परन्तु वे दीपक जलाते रहे।



### पहले लोगों ने नहीं किया यकीन

पुजारी ने इस बारे में कुछ ग्रामीणों को बताया तो उन्होंने भी पहले यकीन नहीं किया। बाद में जब उन्होंने खुद कालीसिंध नदी का पानी लेकर दीपक में डाला और ज्योत जलाई और ज्योति सामान्य रूप से जल उठी, उसके बाद से इस चमत्कार को मानने लगे। इस बारे में जानने के लिए लोग यहां काफी संख्या में आते हैं।



## बरसात में मंदिर डूब जाता है पानी में

वैसे तो यह दीपक पूरे साल पानी से जलता है, लेकिन यह दीपक बरसात के मौसम में नहीं जलता है। दरअसल, वर्षाकाल में कालीसिंध नदी का जल स्तर बढ़ जाता है और यह मंदिर पूरी तरह से पानी में डूब जाता है। इससे यहां पुजारी के लिए पूजा करने जाना संभव नहीं हो पाता। ऐसे में यह दीपक बरसात-बरसात के दिनों में नहीं जल पाया। इसके बाद शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन यानी पड़वा से दोबारा ज्योत जला दी जाती है, जो अगले वर्षाकाल तक लगातार जलती रहती है। खास बात यह है कि यह दीपक मंदिर में पानी लाकर डालने पर ही जलता है, यदि दीपक को नदी के किनारे ले जाकर नदी के पानी से दीपक जलाएं तो यह नही जलता है। इसी तरह मंदिर में किसी अन्य जल से दीपक जलाएं तो भी दीपक नहीं जलता है। एक जलता दीपक पानी के पास आते ही बुझ जाता है, ऐसे में पानी से दीपक जलना तो मानो असंभव ही है, लेकिन यहां यह असंभव कार्य मां दुर्गा की कृपा से रोजाना हो रहा है।

## पानी से कैसे जलता है यह दीपक ?

इस दीपक के जलने के पीछे के रहस्य को अब तक कोई नहीं जान सका है, लेकिन कहते हैं कि जब इस दीपक में नदी का पानी डाला जाता है तो वह एक चिपचिपे तरल पदार्थ में बदल जाता है और दीपक उस पानी से जलने लगता है।




### कैसे पहुंचें माता के चमत्कारिक मंदिर

यह मंदिर तहसील नलखेड़ा से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इंदौर से नलखेड़ा की दूरी 150 किलोमीटर है और उज्जैन से 100 किलोमीटर है। वहीं, भोपाल से नलखेड़ा की दूरी 180 किलोमीटर व शाजापुर से नलखेड़ा 62 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

कविता

## शहर की नींद उड़ी हुई क्यों है इन दिनों



डॉ. सत्यनारायण
वरिष्ठ साहित्यकार



हाईवे नंबर आठ पर
शहर के बाहर चौराहे पर
खड़े होकर सोचता हूं
इतना तनाव इतना शोर
कि प्याऊ का पानी
नहीं पी पाता बोधि वृक्ष के नीचे भी
वैसे किसी भी चीज के बारे में
कोई गारंटी नहीं कि कितनी शुद्ध है
दोस्तों के बारे में नही मालूम
कितने बदल चुके हैं
खुद मैं कितनी बार सोचता हूं
सुबह यह ठीक है दोपहर वह
और शाम यह
इस कठिन समय में
सच है तो सिर्फ इतना ही कि
हाईवे नम्बर आठ पर
लकदक निऑन साइनों के बीच
यह चौराहा आज भी वहीं है
अभी भी बची है तुम्हारी याद
वैसे ही हैं तमाम रास्ते
यहीं से फिर कभी लौटोगी तुम
शहर की स्मृति में
परकोटा तोड़कर घुस जाऊंगा
मैं तुम्हारे साथ
कोई जान भी नही पाएगा कि
शहर में घुस आया
ढाणी का आदमी
हालांकि, यह अलग बात है
शहर की नींद में
खलल डालूंगा मैं ही
पर यह खबर
शहर के किसी अखबार में
नहीं होगी कि
शहर की नींद उड़ी हुई क्यों है
इन दिनों।

शब्दों की सीख

# जीवन की प्रेरणा

*आखिर, ये पैसा-कौड़ी किस दिन के लिए होता है। जब इसे हम अपने परिवार और बच्चों पर खर्च ही न कर सकें। साल भर में बहुत कम दिन ही ऐसा होता है कि मैं अपने परिवार को समय दे पाऊं। आज मेला देखने आया हूं और मेरी बच्ची ने गुड़िया की जिद की तो मैंने खरीद दी।*



महेश कुमार केशरी
कहानीकार

*बाबू के लिए व्यापार ही सबकुछ था। बाबू व्यापार में हमेशा फायदे नुकसान और जोड़-तोड़ की सोचता। हमेशा उसकी एक ही चाहत होती कि वो थोड़े और पैसे जोड़ ले। इस तरह बाबू ने सालों मेहनत करके ढेर सारा धन कमा लिया था। अब बाबू एक खुशहाल जीवन जी रहा था। तन पर अच्छे कपड़े आ गये थे। देह भी मुटाने लगी थी, लेकिन पैसे कमाने की उसकी सनक कहीं से भी कम नहीं होती थी। वो, जितना रुपया कमाता। उसे लगता और पैसे कमाये। वो पैसे कमाता जाता था। वो धनवान पर धनवान होता जा रहा था। ऐशो-आराम के लगभग सारे संसाधन उसने जुगाड़ लिए थे। लेकिन, उसे लगता कहीं कुछ कमी है। बाबू मेले में खिलौने बेचता था। एक दिन वो ऐसे ही मेले में खिलौने बेच रहा था कि एक साधारण सा दिखने वाला आदिवासी युवक अपनी पत्नी और बच्ची को लेकर उसकी दुकान पर आया। यह परिवार दिखने में बेहद ही साधारण सा था। उस आदिवासी की एक बेटी थी। वो बार-बार अपनी मां से एक महंगी गुड़िया लेने के लिए कह रही थी। देहाती आदिवासी युवक काफी गरीब था। उसकी माली हालत बेहद खराब थी। ऐसा उनके हावभाव और पहनावे को देखकर लग रहा था। लड़की की मां का मन गुड़िया खरीदने का नहीं था, लेकिन जब बच्ची नहीं मानी और जिद करने लगी। आखिरकार आदिवासी युवक ने वो कीमती गुड़िया खरीदकर अपनी बेटी को दे दी।*





*बाबू इस घटना को बड़े ही गौर से देख रहा था। उसने देहाती आदिवासी युवक से पूछा- 'बाबू आपने इतनी महंगी गुड़िया अपनी बेटी को खरीदकर दे दी, जबकि आपकी पत्नी उसे बार-बार खरीदने को ना कह रही थी। ऐसा क्यों?'*

*आदिवासी युवक बाबू की ओर देखकर मुस्कराते हुए बोला- 'भाई जी मैं बहुत काम-धाम और खेती किसानी करने वाला आदमी हूं। साल भर में बहुत कम दिन ही ऐसा होता है कि मैं अपने परिवार को समय दे पाऊं। आज मेला देखने आया हूं और मेरी बच्ची ने गुड़िया की जिद की तो मैंने खरीद दी।*

*आखिर, ये पैसा-कौड़ी किस दिन के लिए होता है। जब इसे हम अपने परिवार और बच्चों पर खर्च ही ना कर सकें। बाबूजी इस जिंदगी का क्या भरोसा है। आज है , कल नहीं रहेगी। इसलिए मुझे जब भी मौका मिलता है। अपने बच्चों के साथ घूमने निकल जाता हूं।' आज बाबू को एक देहाती आदिवासी लड़का जीवन की एक अनमोल और बेशकीमती सीख देकर चला गया था। बाबू ने सामान समेटा और घर की तरफ चल पड़ा। अपने परिवार को मेला घूमाने।*

**परम्परा:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान ने मनाया गुरु वंदन कार्यक्रम

# शिक्षक बनें 'गुरु' और विद्यार्थी बनें 'शिष्य', तब सार्थक होगी शिक्षा

बेधड़क | जयपुर





विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं का वंदन कर उनका आशीर्वाद लिया तो गुरु शिष्य परंपरा साकार हो उठी। मौका था अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सांभर लेक इकाई की ओर से शनिवार को महाविद्यालय में आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम का।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे एवं महर्षि वेदव्यास की प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने सामूहिक सरस्वती वंदना का गायन किया। विषय की प्रस्तावना संगठन के इकाई सचिव रुबेन माथुर ने रखी। मुख्य वक्ता शिक्षाविद डॉ. छवि चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षकों को अपनी व्यापक भूमिका को समझकर 'गुरु' बनने का प्रयास करना चाहिए। वे शिक्षण कार्य के साथ-साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उनके जीवन की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करें।

इससे विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शन मिल पाएगा और वे अपनी कॅरियर संबंधी समस्याओं, तनाव, चिंता, अवसाद आदि से मुक्त हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी भी विद्यार्थी के बजाय शिष्य बनें ताकि शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संबंध स्थापित हो सके। कार्यक्रम में छात्रा सुनीता ने कबीर के दोहों का लयबद्ध गायन प्रस्तुत किया।

### विद्यार्थी की आत्मा को छुए, वह है गुरु

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एबीआरएसएम, राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने प्रवक्ता से लेकर गुरु तक की यात्रा को स्पष्ट करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी के मस्तिष्क तक पहुंचे, वह प्रवक्ता होता है। जो मस्तिष्क से आगे बढ़कर विद्यार्थी के मन को टटोल लें, जो विद्यार्थी के हृदय की गहराइयों तक उतर सके, वह आचार्य और वह जो इन सबसे कहीं आगे जाकर विद्यार्थी की आत्मा को स्पर्श कर अंतश्चेतना जाग्रत कर सके, केवल वही गुरु कहलाता है।

विद्यार्थियों ने गुरुजनों का वंदन कर उनका आशीर्वाद लिया। मंच संचालन रुबेन माथुर ने किया। कार्यक्रम के अंत में भगवान सहाय शर्मा ने स्व रचित काव्य पाठ किया एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया I कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के संकाय सदस्य, मंत्रालयिक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## Yuva स्टोरीज



**शॉर्ट टर्म कोर्स में हुआ फैकल्टी का स्किल डवलपमेंट |**
**जयपुर।** पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीआर) चंडीगढ़ के सहयोग से पांच दिवसीय शॉर्ट टर्म कोर्स आयोजित किया गया। 'आउटकम बेस्ड करिकुलम एंड एक्रेडिटेशन क्राइटेरिया' विषय पर हुए कोर्स में करीब 50 फैकल्टी मेंबर्स शामिल हुए। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एचओडी अंकुश कुमार जैन ने बताया कि एनआईटीटीआर की ओर से पूर्णिमा यूनिवर्सिटी को नोडल सेंटर के रूप में चुना गया है। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी और प्रो. प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता ने इस प्रोग्राम की सफलता के लिए प्रतिभागियों को बधाई दी। नोडल सेंटर कोऑर्डिनेटर प्रो. मानसिंह राठौड़ ने सभी प्रतिभागियों व एनआईटीटीआर, चंडीगढ़ की कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. मीनाक्षी सूद का धन्यवाद ज्ञापित किया।



**नन्हे मुन्नो ने सेलिब्रेट किया ग्रीन डे |**
**जयपुर।** सिरसी रोड स्थित ऑरोबिन्दो इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को ग्रीन डे सेलिब्रेट किया गया। प्री प्राइमरी विंग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने ग्रीन कलर के आउटफिट्स में विभिन्न एक्टिविटीज में परफॉर्म किया। इस मौके पर बच्चों ने पौधारोपण किया एवं अपनी क्रिएटिविटी दिखाते हुए पेपर प्लेट्स की मदद से कलाकृतियां बनाई। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक डॉ. भारत पाराशर एवं प्रिंसीपल करुणा नागपाल ने हरे रंग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इस कहा कि यह रंग सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक होता है।

**एक्सपर्ट्स देंगे सफलता के टिप्स |**
**जयपुर।** सम्यक सिविल सर्विसेज की ओर से आरएएस भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर रविवार सुबह 10 बजे प्रदेश स्तरीय सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। सेमीनार को आरपीएससी के एक्स चेयरमेन एमएल कुमावत, जीएसटी के डिप्टी कमिशनर कौशल भारद्वाज और आरएएस अनुज भारद्वाज समेत विभिन्न सब्जेक्ट एक्सपर्ट संबोधित करेंगे एवं आरएएस भर्ती परीक्षा में सफलता के टिप्स देंगे। संस्थान के प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि संस्थान में दस जुलाई से हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में आरएएस के फाउंडेशन और प्रीलिम्स टारगेट बैच शुरू किए जाएंगे। 16 जुलाई से आरएएस प्रीलिम्स और पीएसआई के लिए टेस्ट सीरीज शुरू की जाएगी।

**महिलाओं का अच्छा वित्त प्रबंधक होना जरूरी |**
**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के आईक्यूएसी की ओर से शनिवार को 'वीमन पॉवर एंड फाइनेंशियल फ्रीडम' विषय पर परस्पर संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने वित्तीय प्रबंधन और सशक्तीकरण के बीच संबंध और उसके महत्व पर प्रकाश डाल कर किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्त होने के लिये एक अच्छा वित्तीय प्रबंधक होना जरूरी है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सॉल्ट ऐप की को फाउंडर शिंजीनी कुमार ने प्राध्यापिकाओं को फाइनेंशियल पर्सनलिटी लिया। उन्होंने वित्तीय प्रबंधन में एबिलिटी डिजायर और नीड की उपयोगिता बताई। अंत में डॉ. मनीषा माथुर ने धन्यवाद दिया।



**रोजगार गारंटी योजना पर डाला प्रकाश |**
**जयपुर।** महात्मा गांधी इन्स्टीट्यूट ऑफ गवर्नेन्स एण्ड सोशल साइन्सेज के परिसर में शनिवार को टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल साइन्सेज, मुम्बई के प्रो. अश्विनी कुमार का 'अरबन पुअर एण्ड राइट टु वर्क इन राजस्थान' विषय पर विशेष व्याख्यान हुआ। प्रो. अश्विनी कुमार ने कहा कि राज्य में शहरी बेरोजगारी को दूर करने के लिए 'इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गांरन्टी योजना' प्रारम्भ की गई है। सत्र की अध्यक्षता करते हुये संस्थान के निदेशक प्रो. बीएम शर्मा ने कहा कि प्रो. अश्विनी कुमार का सम्पूर्ण व्याख्यान डेटाबेस रिसर्च के आधार पर है। प्रारम्भ में प्रो. संजय लोढा ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रो. विकास नौटियाल ने व्याख्यान की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. ज्योति अरुण ने किया। अन्त में प्रो. सौमित्रनाथ झा ने आभार व्यक्त किया।



**मानसून में लगाए जाएंगे 5 हजार पौधे |**
**जयपुर।** बेस्ट कैपिटल की ओर से इस वर्ष मानसून में पांच हजार पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण अभियान का शुभारंभ शनिवार को हुआ। आयोजक अरुण बगड़िया ने बताया कि हर साल शहर की स्कूल, पार्क, मोक्षधाम, ग्रामीण क्षेत्रों और हिंगोनिया गौशाला में पौधारोपण किया जाता है। इस वर्ष मानसून में 5 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस बार इस अभियान का शुभारंभ चांदावास गांव से किया गया है। पौधरोपण के अवसर पर पूनम बगड़िया, रामविलास शर्मा, इंद्र सिंह, मोहन बगड़िया, पंकज विजय वर्गीय, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव, हेमंत जांगिड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**मंथन:** एमजीजीएस का प्रिंसिपल्स कॉन्क्लेव

# स्टूडेंट्स में डवलप करें 'डायनेमिक पर्सनलिटी'



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के स्कूल शिक्षा शासन सचिव नवीन जैन ने कहा कि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की ओर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में इंग्लिश मीडियम स्कूलिंग से वंचित रहे बच्चे और अभिभावक आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि शिक्षक एमजीजीएस में सभी को समान अवसर प्रदान करते हुए स्टूडेंट्स की 'डायनेमिक पर्सनलिटी' की बुनियाद रखें।

जैन शनिवार को महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूलों (एमजीजीएस) के ब्रांड को नए मुकाम पर ले जाने की पहल के तौर पर आयोजित 'प्रिंसीपल्स कॉन्क्लेव' में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कॉन्क्लेव में प्रदेश के सभी जिलों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से तीन दर्जन से अधिक एमजीजीएस के प्रिंसिपल्स ने भाग लिया। जैन ने कहा कि प्रिंसिपल और टीचर्स चुनौतियों को अवसर में बदलने के जज्बे के साथ एमजीजीएस की ब्रांड वैल्यू में निरंतर इजाफा करते हुए क्वालिटी एजुकेशन पर फोकस करें। यहां स्कूलिंग ऐसी हो कि यहां से निकले बच्चे नैतिक और व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ देश-प्रदेश और दुनिया के सामयिक ज्ञान, एकेडेमिक नॉलेज और कम्युनिकेशन स्किल्स के आधार पर सबसे अलग नजर आए। उन्होंने कहा कि एमजीजीएस के कंसेप्ट से स्कूलों के टीचर्स की सोच में बदलाव आया है, उनमें कुछ हटकर और बेहतर करने की होड़ दिखाई देती है।

### सुझावों के आधार पर तैयार होगा डॉक्यूमेंट

शासन सचिव ने बताया कि प्रदेश में एमजीजीएस ब्रांड के विकास के लिए विभाग ने गेप्स की पहचान और उनको दूर करने का बीड़ा उठाया है। इन स्कूलों में मैन पॉवर, सॉफ्ट एक्टिविटीज, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अन्य संसाधनों की समीक्षा तथा भविष्य की जरूरतों के आंकलन और समन्वय के लिए इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इसमें प्रिंसिपल्स की ओर से शेयर किए गए अनुभव, सुझाव और नवाचारों को समाहित करते हुए एक डॉक्यूमेंट तैयार होगा, जिसके आधार पर वर्तमान में संचालित 2700 व भविष्य में नए खोले जाने विद्यालयों में इनोवेशन और सुधार की पहल की जाएगी।

### शिक्षक भर्ती जल्द, बनेंगे अलग रूल्स

कॉन्क्लेव में विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता ने कहा कि एमजीजीएस के प्रिंसिपल इस प्रकार के जोश और उत्साह से अपना कर्तव्य निभाएं कि इन स्कूलों के स्टूडेंट कॅरियर में कुछ बनने के बाद गर्व के साथ कहें कि हमारी स्कूलिंग एमजीजीएस में हुई है। स्कूल शिक्षा निदेशक कानाराम ने कहा कि एमजीजीएस में शिक्षकों के पदों को शीघ्र भरने और अलग से रूल्स बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इन स्कूलों में 10 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उप निदेशक रमेश हर्ष ने प्रदेश में एमजीजीएस के समग्र परिदृश्य और आगामी कार्य योजना के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया।

### प्रिंसिपल्स ने दिखाई विकास की पीपीटी

कॉन्क्लेव में शामिल हुए एमजीजीएस प्रिंसिपल्स ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने स्कूल की कहानी को बयां किया। इन प्रजेंटेशन्स में एमजीजीएस की शुरूआत से लेकर अब तक की विकास यात्रा को दर्शाया गया, स्कूल में किए जा रहे बदलाव व नवाचारों पर प्रकाश डाला गया और विभिन्न मापदंडों पर स्टूडेंट्स के स्तर के बारे में बताया गया।




## रावत पब्लिक स्कूल को मिला इंडियाज बेस्ट स्कूल अवॉर्ड

बेधड़क | जयपुर

प्रतापनगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल को अग्रणी एजुकेशन पोर्टल कॅरियर 360 की ओर से इंडियाज बेस्ट स्कूल अवॉर्ड दिया गया। रावत पब्लिक स्कूल को गत 8 वर्षों से लगातार ये अवॉर्ड दिया जा रहा है। एक बेस्ट सीबीएसई स्कूल के रूप में विद्यालय को इससे पूर्व भी कई अवॉर्ड मिल चुके हैं। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित यह विद्यालय 'इंटरनेशनल डाइमेंशंस इन स्कूल अवॉर्ड' से भी सम्मानित हो चुका है। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी एकेडमिक फील्ड के साथ साथ सांस्कृतिक एवं खेलों के क्षेत्र में भी अपनी खास पहचान बना चुके हैं। उन्होंने विद्यालय की उत्तरोत्तर उन्नति का श्रेय स्कूल की टीम के कठोर परिश्रम को दिया।

## 'अनंत्य' में सीए छात्रों से रूबरू होंगे विशेषज्ञ



**जयपुर।** भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा की ओर से सीए छात्रों के लिए दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन बिड़ला ऑडिटोरियम में 11 व 12 जुलाई को किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस डायरेक्टर एवं सेंट्रल कॉन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा ने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस 'स्टूडेंट स्किल्स एनरिचमेंट बोर्ड (बोर्ड ऑफ स्टडीज -ऑपरेशन्स), आईसीएआई के माध्यम से करवाई जा रही है। 'अनंत्यः ए स्टेप टुवड्र्स इनफिनिट ऑपोर्च्युनिटीज' थीम पर आयोजित होने वाली कॉन्फ्रेंस में विभिन्न विशेषज्ञ, सेंट्रल कॉन्सिल मेंबर्स और रीजनल कॉन्सिल मेंबर्स सीए छात्रों से रूबरू होंगे। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया की कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी एवं विशिष्ट अतिथि बोर्ड ऑफ स्टडीज- ऑपरेशन्स के अध्यक्ष सीए मंगेश पी. कीनारे व उपाध्यक्ष सीए श्रीधर मुप्पला होंगे। कॉन्फ्रेंस में कुल नौ मोटिवेशनल और टेक्निकल सेशन होंगे, जिनमे विषय विशेषज्ञ अपने व्याख्यान देंगे ।

इस कॉन्फ्रेंस में पूरे देश से लगभग 3000 सीए छात्र भाग लेंगे। नया कोर्स लागू होने के बाद में जयपुर में पहली बार सीए स्टूडेंट के लिए आयोजित हो रही ऑफलाइन कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों द्वारा नये पाठयक्रम के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

**इनीशिएटिव** प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र में आयोजित हुई सेमिनार

# छात्रों के कौशल विकास के लिए खुलेगा स्किल हब सेंटर

बेधड़क | कोटा




राजस्थान का गवर्नमेंट यूनिवर्सिटी स्तर का पहला प्रधानमंत्री स्किल हब सेंटर कोटा विश्वविद्यालय में शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के स्टेट को ऑर्डिनेटर राजीव कुमार ने बताया कि स्किल हब सेंटर को प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र से फंड प्राप्त होगा। राजीव कुमार शनिवार को कोटा विश्वविद्यालय के प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र में आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास योजना के चौथे चरण को जल्दी ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लॉन्च करेंगे। राजीव कुमार ने छात्रों को कौशल विकास से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रेगुलर पढ़ाई के दौरान स्किल डवलपमेंट कोर्स भी जरूरी है।

कोटा विश्वविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट सेंटर की निदेशक डॉ. अनुकृति शर्मा ने बताया कि कौशल विकास केंद्र में 6 पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति प्राप्त हुई है जिन्हें अगले महीने से प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है। यह सभी कोर्स स्वास्थ्य, शिक्षा और टूरिज्म से जुड़े हुए हैं।

सेमिनार के दौरान सेंटर की सदस्य श्वेता व्यास ने स्वागत भाषण दिया। संचालन श्रुति अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर प्रिया सोढाणी समेत सेंटर के विभिन्न सदस्य और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### 6 कोर्स होंगे संचालित, ऑनलाइन होगी परीक्षा

कौशल विकास केंद्र की निदेशक डॉ. अनुकृति शर्मा ने बताया कि स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम के तहत फ्रंट ऑफिस मैनेजर, मल्टीपरपज एसोसिएट्स, जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, हेल्थ क्वालिटी एश्योरेंस मैनेजर, पेशेंट रिलेशन एसोसिएट्स व कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव आदि छह कोर्स संचालित होंगे। इनमें 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता के कारण बायोमेट्रिक पद्धति से उपस्थिति जांची जाएगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा बहुवैकल्पिक पद्धति से होगी। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

## जरूरी खबर

### आसान नहीं है यूसीसी को लागू करना: आजाद



**श्रीनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम बनी आजाद ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की योजना को लेकर केंद्र सरकार को आगाह करते हुए शनिवार को कहा कि इसका सभी धर्मों पर असर पड़ेगा। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह भी कहा कि यूसीसी को लागू करना अनुच्छेद-370 को निरस्त करने जितना आसान नहीं होगा। सभी धर्म इसमें शामिल हैं। सिर्फ मुसलमान ही नहीं, बल्कि सिख, ईसाई, आदिवासी, जैन और पारसी, इन सभी लोगों को नाराज करना किसी भी सरकार के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए मैं सरकार को सलाह देता हूं कि वह यह कदम उठाने के बारे में सोचे भी नहीं।

### विरासत स्थलों के लिए विशेष रेल सेवा शुरू होगी

**चेन्नई।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को एक विशेष ट्रेन को देश को समर्पित किया, जो विरासत स्थलों से संबंधित मार्गों पर चलाई जाएगी। वैष्णव ने यहां एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर स्टीम लोको ट्रेन के रूप में संशोधित एक ट्रेन का निरीक्षण करने के बाद कहा कि आगामी कुछ महीनों में विरासत मार्गों पर ऐसी और ट्रेन शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि रेलवे ने एक नई अवधारणा- हेरिटेज स्पेशल पेश करने की योजना बनाई है, जिसे थीम के रूप में 'भाप इंजन' का उपयोग करके बनाया जाएगा। भाप इंजन हमारे साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है और भले ही यह आज नहीं चल रहा है, लेकिन हमने सोचा कि हम एक नए इंजन वाली ट्रेन बना सकते हैं जो भाप इंजन वाली ट्रेन की तरह दिखती है लेकिन वास्तव में बिजली से चलती है।

### गोपनीय सूचना दी बीएसएफ कर्मी को किया अरेस्ट

**अहमदाबाद।** गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल के लिए काम करने वाले एक संविदा कर्मचारी को एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट महिला से कथित तौर पर संवेदनशील सूचना साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक, एटीएसी, सुनिल जोशी ने बताया कि बालिया जनवरी 2023 में किसी समय पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में आया, और बीएसएफ की निर्माणाधीन एवं मौजूदा इमारतों में विद्युतीकरण कार्य के बारे में उसके साथ कई संवेदनशील दस्तावेज साझा किए। महिला ने व्हाट्सएप के जरिये आरोपी से संपर्क किया था।

## अमरनाथ यात्रा... हजारों यात्री फंसे... और उत्तर भारत में झमाझम, उफान पर व्यास नदी





*जम्मू/श्रीनगर। बारिश और भूस्खलन के कारण अमरनाथ यात्रा लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी स्थगित रही। गुफा मंदिर मार्ग पर हजारों तीर्थयात्री जम्मू समेत अन्य स्थानों पर फंस गए हैं। करीब 50,000 तीर्थयात्रियों को घाटी के विभिन्न आधार शिविरों में रोकना पड़ा। चित्र में अनंतनाग जिले में यात्रा मार्ग को दुरुस्त करती बीआरओ की टीम। इनसेट में पहलगाम में बर्फबारी के बाद फंसे यात्री को लेकर जाती जेके पुलिस के बचाव दस्ते की टीम।*



*शिमला। कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक उत्तर भारत में बारिश का दौर जारी है। दिल्ली, पंजाब हरियाणा में जमकर बादल बरसे। दिल्ली में बारिश ने 20 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया वहां 24 घंटों के दौरान 133.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण व्यास नदी और उसकी सहायक नदियों के खतरे के निशान से ऊपर बहने की सूचना है। बारिश के कारण 91 सड़कें वाहनों के आवागमन के लिए बंद हैं। -पीटीआई*

### पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव: कई जगह विरोधी गुट भिड़े, बम फेंके

# कड़ी सुरक्षा के बीच पड़े वोट हिंसा में 12 लोगों की मौत

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शनिवार को कई जगह हिंसा की घटनाओं के बीच शाम पांच बजे तक 66.28 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में शुक्रवार रात से लेकर अब तक हुई चुनाव संबंधी हिंसा में 12 लोग मारे गए हैं। कई गांवों में विरोधी गुटों ने एक दूसरे पर बम फेंके। चुनावों की घोषणा के बाद से अब तक राज्य में 30 लोग मारे गए हैं। इस बीच, भाजपा ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की है। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी दलों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया और मतदाताओं की सुरक्षा करने में विफलता के लिए केंद्रीय बलों की आलोचना की। चुनावों के लिए राज्य पुलिस के करीब 70,000 कर्मियों के अलावा केंद्रीय बलों की 600 कंपनियां तैनात की गई थीं।



#### इन पर था दांव

- 63,229 सीटें ग्राम पंचायत की
- 9,730 सीटें पंचायत समितियों की
- 928 सीटें जिला परिषदों की
- 5.67 करोड़ मतदाता
- 2.06 लाख उम्मीदवार

#### मतपेटियों को तोड़ा आग लगाई

अधिकारियों के अनुसार, कूच बिहार जिले के दिनहाटा में बारविटा सरकारी प्राथमिक विद्यालय के एक मतदान केंद्र पर मतपेटियों को तोड़ा गया और मतपत्रों में आग लगा दी गई। बरनाचिना क्षेत्र के एक अन्य मतदान केंद्र पर भी एक मतपेटी को भी आग के हवाले कर दिया गया।

#### मृतकों में कई दलों के कार्यकर्ता

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उत्तर 24 परगना के विभिन्न इचुनावी हिंसा में मारे गए हिंसा में मारे गए लोगों में तृणमूल कांग्रेस के छह सदस्य, भाजपा, माकपा, कांग्रेस और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के एक-एक कार्यकर्ता और एक अन्य व्यक्ति शामिल है, जिसकी पहचान उजागर नहीं हो सकी है। झड़पों में सुरक्षा कर्मियों समेत लोग घायल भी हुए हैं।



#### जहर की बोतलें लेकर प्रदर्शन

नंदीग्राम में महिला मतदाताओं ने हाथों में जहर की बोतलें लेकर एक पुलिस अधिकारी का घेराव किया और मांग की कि इलाके में केंद्रीय बल तैनात किए जाएं।



### मणिपुर में हिंसा का सिलसिला जारी

## भीड़ ने दो वाहनों को फूंका, गोलीबारी

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। इंफाल पश्चिम जिले में शुक्रवार रात एक उग्र भीड़ ने दो वाहनों को फूंक दिया, जबकि इंफाल पूर्व जिले में दो पक्षों के बीच रुक-रुककर गोलीबारी की सूचना थी। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यहां ऐतिहासिक कंगला किले के पास 150-200 लोगों की उग्र भीड़ ने दो वाहनों में आग लगा दी और पुलिस से हथियार छीनने की भी कोशिश की, जिसके कारण सुरक्षाबलों को भीड़ पर गोलियां चलानी पड़ी। भीड़ में शामिल लोगों को संदेह था कि इन गाड़ियों का इस्तेमाल घरेलू सामान को एक खास जातीय समुदाय तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। गोलीबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, यहां महल परिसर में भी 100-200 लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सेना और त्वरित कार्रवाई बल के जवानों ने भीड़ को खदेड़ा। सेना व असम राइफल्स की एक-एक टुकड़ी को हिंसा पर काबू पाने के लिए सोंग्दो गांव भेजा गया।

#### इंटरनेट सेवा की व्यवहार्यता की जांच के निर्देश

इस बीच,मणिपुर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को नागरिकों के जीवन और संपत्ति" की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मोबाइल फोन पर इंटरनेट सेवा प्रदान करने की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए भौतिक परीक्षण करने का निर्देश दिया है। अदालत ने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अदालत मामले की सुनवाई 25 जुलाई को करेगी।

### अब रेलवे टिकट के कारोबार में दस्तक

## अडाणी समूह ने ट्रेनमैन में 30% हिस्सेदारी खरीदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज ने रेलवे टिकट बुकिंग से जुड़ी कंपनी स्टार्ट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (एसईपीएल) की लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। एसईपीएल रेलवे टिकट की ऑनलाइन बुकिंग करने वाले मंच ट्रेनमैन की संचालक कंपनी है। एसईपीएल ने वित्त वर्ष 2022-23 में 4.51 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। अडाणी एंटरप्राइजेज ने पिछले महीने एसईपीएल की समूची हिस्सेदारी खरीदने के लिए समझौता करने की घोषणा की थी। अडाणी एंटरप्राइजेज ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी अडाणी डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड ने 3.56 करोड़ रुपए में 29.81 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है।

### PM का दौरा: सौगात भी, फटकार भी

## 'तेलंगाना सरकार के पास 4 काम, जिनमें से एक मोदी को गाली देना'



**एजेंसी** | वारंगल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत राष्ट्र समिति और कांग्रेस को तेलंगाना के लिए 'घातक' करार देते हुए शनिवार को भ्रष्टाचार व परिवारवाद के मुद्दों पर विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला और दावा किया कि इस दक्षिणी राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सबका पत्ता साफ करने जा रही है।

मोदी ने आरोप लगाया कि तेलंगाना की सरकार के पास चार ही काम रह गए हैं, जिनमें सुबह-शाम मोदी को गाली देना, एक ही परिवार को सत्ता का केंद्र बनाए रखना, खुद को तेलंगाना का मालिक साबित करना और तेलंगाना को भ्रष्टाचार में डुबो देना शामिल है। प्रधानमंत्री यहां ने यहां एक जनसभा में यह बात कही। इससे पहले पीएम ने करीब 6,100 करोड़ रुपए की कई महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचा विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी का उल्लेख करते हुए 'अबकी बार भाजपा सरकार' की हुंकार भरी और कहा कि यहां के दृश्य देखकर हैदराबाद में 'उस परिवार' की नींद हराम हो रही होगी।

उन्होंने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले का मुद्दा उठाते हुए आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधा और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार' करार देते हुए आरोप लगाया कि इनके भ्रष्टाचार के तार दिल्ली तक फैल गए हैं।



#### भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना

पीएम मोदी ने तेलंगाना के ऐतिहासिक वारंगल शहर में मशहूर भद्रकाली मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री के साथ भाजपा की तेलंगाना इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष जी किशन रेड्डी तथा अन्य नेता भी मौजूद थे।

### सियासत की डगर... दिग्गजों का सफर

# खेत में पहुंचे राहुल गांधी, धान रोपा... बारिश में भीगे पवार, पर की सभा

**एजेंसी** | चंडीगढ़

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार सुबह अचानक हरियाणा में सोनीपत जिले के मदीना गांव पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों से बातचीत की और खेतों में काम कर रहे किसानों के साथ वक्त बिताया और खेतों में काम कर रहीं महिला श्रमिकों द्वारा लाया भोजन भी खाया। राहुल गांधी सुबह छह बजकर 40 मिनट पर हल्की बूंदा-बांदी के बीच गांव में पहुंचे और करीब ढाई घंटे वहां बिताए। सोनीपत में गोहाना से कांग्रेस विधायक जगबीर सिंह मलिक ने फोन पर कहा, यह एक आकस्मिक दौरा था। हमारे पास उनके दौरे के बारे में पहले से कोई सूचना नहीं थी।



#### राहुल को देख हैरान रह गए ग्रामीण

कई ग्रामीणों ने पत्रकारों को बताया कि राहुल गांधी का काफिला जब खेतों के समीप रुका, तो वे हैरान रह गए। दूसरी ओर कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पोस्ट की गई तस्वीरों में राहुल अपनी चिर-परिचित सफेद टी-शर्ट पहने हुए दिखे। अपनी पैंट को मोड़कर और जूतों को हाथ में लेकर वह ग्रामीणों के साथ खेतों में चलते हुए दिखे।



#### खेती पर चर्चा, किसानों से सुनीं उनकी समस्याएं

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला और दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने-अपने ट्विटर हैंडल पर राहुल गांधी के गांव के दौरे की तस्वीरें पोस्ट कीं। सुरजेवाला ने कहा कि राहुल ने किसानों का हाल-चाल जाना, खेती पर चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। ज्ञात रहे कि राहुल ट्रक चालकों की समस्याओं को सुनने के लिए 23 मई को ट्रक पर सवार होकर दिल्ली से चंडीगढ़ गए थे।

#### भाजपा की योजना विपक्ष को कमजोर करने की



**नासिक।** राकांपा नेता शरद पवार ने शनिवार को कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा ने राज्यस्तरीय दलों को बर्बाद करने और विपक्ष को कमजोर करने की योजना बना ली है। अपने भतीजे अजित पवार के विद्रोह करने तथा महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के कुछ दिन बाद शरद पवार पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्थन जुटाने के लिए दौरे कर रहे हैं। नासिक में पत्रकारों से पवार ने कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और पीवी नरसिम्हा राव की राजनीति देखी है, वे सभी विपक्षी दलों के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी करते थे लेकिन कभी भी उन्हें चुप कराने की कोशिश नहीं करते थे।

#### भ्रष्टाचार की बात करते थे, अब दंडित करें पीएम

पवार ने एक रैली मेंकहा कि प्रधानमंत्री राकांपा नेताओं के भ्रष्टाचार पर बात की थी, लिहाजा अब उन्हें दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करके उन्हें दंडित करना चाहिए। रैली से पहले शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने बारिश में भीगते हुए एक वाहन में बैठे अपने पिता की तस्वीर साझा की।

## पहली बार जयपुर में निकाली रथ यात्रा, सच बेधड़क के विनायक शर्मा ने की आरती

# श्रद्धालुओं ने खींचा जगन्नाथ का रथ

**बेधड़क.जयपुर।** गोविंद संकीर्तन व भक्ति मूवमेंट और राधा मदन मोहन मंदिर की ओर से शनिवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। राजधानी जयपुर में शनिवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में आमजन का आस्था का सैलाब देखने को मिला। जहां भक्त नाच गाकर जगन्नाथ के जयकारे लगाते हुए भक्ति में मस्त होते हुए नजर आए। रथयात्रा में सच बेधड़क के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा, ग्रुप ब्यूरो हेड पंकज सोनी ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान आयोजकों द्वारा सच बेधड़क के फाउंडर विनायक शर्मा का स्वागत किया गया। रथ यात्रा की शुरुआत से पहले भगवान जगन्नाथ की आरती की गई। फाउंडर विनायक शर्मा ने भी भगवान जगन्नाथ की आरती की और फिर रथयात्रा में शामिल हुए। रथ यात्रा के दौरान उन्होंने भगवान जगन्नाथ के रथ को भी खींचा। मूवमेंट के अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने बताया कि गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय की पहली बार गुलाबी नगरी में रथ यात्रा निकाली गई। रथयात्रा में भाजपा नेता अशोक परनामी, विधायक रफीक खान भी मौजूद रहे। जगन्नाथ की रथयात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी हिस्सा लिया।





### यात्रा में शामिल होना सौभाग्य: शर्मा

भगवान जगन्नाथ की यात्रा में शामिल होने पर सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि जो यात्रा उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी में निकलती है। जिसकी चर्चा पूरे विश्व में होती है, वैसी ही यात्रा के दर्शन हमें जयपुर में देखने को मिले। यात्रा के दौरान लोगों ने घर से बाहर निकलकर और छतों पर बैठकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की भक्ति इस सैलाब के जरिए समझी जा सकती है। चार धाम में से एक धाम जगन्नाथ को माना गया हैं। ऐसे में जो लोग वहां नहीं जा सकते उनको भगवान जगन्नाथ के दर्शन जयपुर में हो गए। इस दौरान बीजेपी नेता अशोक परनामी ने इस रथयात्रा को अदभूत कहते हुए आयोजकों की प्रशंसा की। विधायक रफीक खान ने बताया कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र धन्य है कि यहां पर जगन्नाथ यात्रा निकल रही है।

## सोनागिरजी रवाना हुआ दल



**बेधड़क. जयपुर।** श्री स्वस्ति भूषण जयपुर प्रवास व्यवस्था समिति के बैनर तले 12 बसों से दो दिवसीय धार्मिक यात्रा दल सिद्ध क्षेत्र सोनागिर के लिए रवाना हुआ। समिति महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि यात्रा दल की बसें प्रतापनगर, चित्रकूट कालोनी, अग्रवाल फार्म, सांगानेरी गेट से रवाना होकर खानियां पहुंची, जहां यात्रा दल को समाजश्रेष्ठी कैलाश चन्द, माणक चन्द, रमेश ठोलिया ने जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व प्रतापनगर के हल्दीघाटी गेट से जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में दो एसी बसें रवाना हुई। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी पहुंचा, जहां यात्रियों ने भगवान महावीर के दर्शन किए। यहां से यात्रा दल मुरैना स्थित ज्ञान तीर्थ पहुंचा।

## रैली से स्वच्छता का संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज की ओर से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत साइकिल रैली का आयोजन शनिवार को किया गया। शहर को साफ रखने और गंदगी नहीं फैलाने के लिए लोगों को जागरूक करने से उद्द्श्य से रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को सफाई सैनिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी के सीईओ राजेंद्र सिंह शेखावत ने भी साइकिल चला कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## प्लांटेशन कर मनाया फाउंडेशन डे

**बेधड़क. जयपुर।** गौरांग एन्वायरमेंटल सोल्युशंस ने स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर श्रीखोराजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम खोरा बीसल जालसू में निदेशक विपुल खंडेलवाल ने विद्यालय प्रबंधन की आवश्यकताओं को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वन विभाग के पूर्व वनबल प्रमुख डॉ. डी. एन. पाण्डेय, विद्यालय प्रधानाचार्य आशा गुप्ता व ग्राम सरपंच सुरेंद्र डाबी उपस्थित थे।



# City इवेंट्स

## विशेष बच्चों ने बांटे फूड पैकेट्स



**बेधड़क. जयपुर।** 'रेज-आशा की एक किरण' एनजीओ के विशेष बच्चों ने शहर के आंगनबाड़ी केंद्रों की विजिट की और वहां के बच्चों से बातचीत की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को फूड पैकेट्स वितरित किए। विजिट और इंटरेक्शन का उद्देश्य बच्चों को देने की खुशी (जॉय ऑफ गिविंग) का महत्व समझाना था। कैप्टन गुरिंदर विर्क ने कहा कि हम बच्चों का मूल्यों और परंपराओं के साथ पालन-पोषण करने में विश्वास करते हैं। जीवन में देने की कला (आर्ट ऑफ गिविंग) को सीखना जरूरी है।

## DMPL 2 का ऑक्शन आज

**बेधड़क. जयपुर।** मेडिकोज सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी के अंतर्गत आयोजित होने वाली, डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग (डीएमपीएल) के द्वितीय संस्करण का आयोजन 21 से 23 जुलाई को किया जाएगा। प्रतियोगिता के चैयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग एक अनोखी गायन प्रतियोगिता है, जिसमें गायक केवल चिकित्सक ही होंगे। कॉर्डिनेटर डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने बताया कि इस अभिनव आयोजन को लेकर प्रदेश भर के डॉक्टर्स में अभूतपूर्व उत्साह है, 150 से भी अधिक डॉक्टर्स भागीदारी के लिए अपनी आवाज में गानों के सैम्पल भेज चुके हैं। सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि आवेदनकर्ताओं में से प्रतिभागियों के चुनाव के लिए 9 जुलाई को ऑक्शन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आठ फ्रेंचाइजी हॉस्पिटल्स, वर्चुअल बोली के माध्यम से अपनी अपनी टीमों का चुनाव करेंगे। कोर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टांक के अनुसार प्रतियोगिता में 4-4 टीमों के दो ग्रुप बनाये जाएंगे, प्रत्येक ग्रुप से दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। प्रतियोगिता के चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस दौरान टीमों को एकल, जुगलबंदी, लाइमलाइट राउंड , दबंग, मलंग व तड़का जैसे कई रोचक राउंड्स से गुजरना होगा।

## आचार्य सौरभ सागर ने बताया जीवन का सार



**बेधड़क. जयपुर।** प्रताप नगर के सेक्टर 8 स्थित दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे आचार्य सौरभ सागर महाराज के चातुर्मास के दौरान कलश स्थापना के छठे दिन आचार्य सौरभ सागर ने आशीर्वचन में कहा कि संसार में जीव पांव से बराबर होता है और मोक्ष में जीव सिर से बराबर होता है। मोक्ष जाने के लिए गुरु से संबंध बनाना आवश्यक है। गुरु बनाने से पूर्व गुरु को कसौटी में कस लेना जरूरी है।

## नेट-थिएट: भक्तिभाव में बहे जयपुराइट्स

# जीवन मौत का खेल है बंदे किस बात का रोना धोना रे...




**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के मंच पर जब पारंपरिक लोक भजन कार्यक्रम में गायक ने सुर छेड़े तो हर कोई वाणी में डूब गया। कलाकार ने भक्ति में ध्यान लगाने की गुहार सुरों से की तो सुनने वाले भी उनके साथ गुनगुनाने लगे।

मौका रहा नेट-थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में पारंपरिक लोक भजन कार्यक्रम में भजन गायक शिव सिंह तंवर की ओर से अपनी मधुर वाणी से भजन की सरिता प्रवाहित करने का। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलाकार शिव सिंह ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत भक्ति में ध्यान लगा ले, तेरा जीवन सही सुधर जाएगा सुनाकर पारंपरिक लोक भजनों से की।

इसके बाद भजन आंख खुली तो हमने देखा, खेत में रेत ही रेत, चिड़िया चुग गई सारा खेत और सोच ले रे प्राणी, फिर यह जन्म ना मिले, माया संग ना चले रे तथा नाना रे भांति नचायो, भक्तों ने मोहे नाना भाती नचायो जैसे भजन बड़े ही मनोभाव से गाकर कार्यक्रम को ऊंचाई दी। फिर अंबे कृष्ण मिला दे, अंबे कृष्ण मिला दे और अंत में जीवन मौत का खेल है बंदे, काहे का रोना धोना रे जैसे भजनों को बड़े ही सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। इनके साथ तबले पर राजेंद्र डांगी ने असरदार संगतकर भजनों की सुरीली शाम को भक्तिमय बना दिया।

संयोजक नवल डांगी तथा प्रकाश व कैमरा मनोज स्वामी और संगीत सागर गढ़वाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू व जीवितेश शर्मा की रही।

## रवींद्र मंच पर इममोरटल मैलोडीज कार्यक्रम

# तीस कलाकारों ने संगीत का गोल्डन ऐरा किया साकार

**बेधड़क | जयपुर**

रवींद्र मंच सभागार में प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर इनकम टेक्स रोली अग्रवाल ने इममोरटल मैलोडीज कार्यक्रम में पुरकशिश आवाज में गोरे गोरे बांके छोरे, कभी मेरी गली आया करो.... जैसे गीत सुनाकर टैलेंट जाहिर किया। अग्रवाल ने दूसरी प्रस्तुति तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना दे... की प्रस्तुति से वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल व अतिथि डॉ. करण सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह आदि थे। ऐसे में जयपुर के प्राचीन रंगमंच पर जब मेलोडी गूंजी तो हर कोई गोल्डन ऐरा में डूब गया। साथ ही संगीत के जानकारों ने पार्श्व संगीत और फिल्म जगत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

प्रोग्राम में आयोजकों ने दर्शकों को नयापन देने के लिए गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर पर आधारित नए-पुराने गीतों का चयन किया। साथ ही रोचकता लाने के लिए गानों के दृश्यों को मंच पर प्रस्तुति दी गई। इससे संगीत प्रेमियों को गीतों की शाम में डूबने में आसानी रही और उन्होंने इसे अनूठे अंदाज में एंजॉय किया। दर्शकों ने कलाकारों का गर्मजोशी से वेलकम और उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में करीब 30 कलाकारों ने लोगों को लुभाया। उन्होंने सुरीले गानों के मुखड़ों व अंतरों को इस प्रकार सजाकर पेश किया, कि हर कोई रोमांचित हो उठा।



**नाटक** बिज्जी की कहानी दुविधा पर बेस्ड नाटक में छलका महिलाओं का दर्द

# आरआईसी में 'माई री मैं का से कहूं' का सजीव मंचन

**बेधड़क | जयपुर**

बिज्जी की कहानी 'दुविधा' पर आधारित नाटक 'माई री मैं का से कहूं' जब कहानी के और एक्ट के रूप में मंच पर साकार हुआ तो कला जगत के लोग भी प्रभावित हो उठे।

नाटक स्त्री की इच्छा और उसकी भावनाओं व सामाजिक मर्यादा के बीच द्वंद है। आज के प्रगतिशील समाज के सामने जो स्त्रियों के पुरुषों संग कंधा मिलाकर समानता की बात करता है, की विडम्बना को लेखक ने शब्दों में रखा। कहानी में बताया गया है कि महिलाओं की अपनी मर्जी होती ही कहां है। ऐसे में स्त्री आज भी अपने मानसिक और शारीरिक अधिकारों के इस्तेमाल के लिए आजाद नहीं है। उसे सबकुछ पुरुषों से तोलना पड़ता है। जन्म से उसके अधिकार मां-बाप के पास होते हैं और विवाह के बाद यह पति के पास आ जाते हैं। ऐसे में उसका समूचा अस्तित्व दो हिस्सों में बंटा हुआ, जिसे मंच पर कलाकारों ने बखूबी दर्शाया। गौरतलब है, कि राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में वीकेंड थिएटर के दौरान तीन दिवसीय कार्यक्रम में नाटक का मंचन किया गया।



### बॉलीवुड से रूबरू हुए दर्शक

यहां राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल दिल्ली के तीन नाटकों का पहली बार मंचन हो रहा है। इसके तहत रंगमंच और फिल्मों के रंगकर्मी अभिनेता और लेखकों को अमोल पालेकर, भानु भारती, राघवेंद्र रावत को आमंत्रित किया गया है। पूर्व आई पी एस अधिकारी आंनद वर्धन शुक्ला ने दर्शकों के साथ इनका सीधा संवाद कराया। आयोजन को रंगकर्मी और निर्देशक दौलत वैद ने पूरा किया। निर्देशन अजय कुमार ने किया।

सामान और सम्मान का मोह अक्सर हमें गलत रास्ते ले जाता है, इसलिए विवेक और शांति से कदम उठाना चाहिए।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




**पाकिस्तान:** सरगोधा में एक वैन में फटा एलपीजी गैस सिलेंडर...

## 7 लोगों की मौत 14 घायल



*इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पंजाब के सरगोधा जिले में शनिवार को एक वैन में गैस सिलेंडर फट गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। रेस्क्यू 1122 कंट्रोल रूम के हवाले से बताया गया कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हैं। घायलों में से सात को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के लिए भलवाल तहसील मुख्यालय (टीएचक्यू) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को भी उसी अस्पताल में ले जाया गया, जिनमें से 5 की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, घायलों में 4 साल और 12 साल के दो बच्चे और 50 साल के दो पुरुष भी शामिल हैं। रेस्क्यू 1122 ने कहा कि उन्हें सुबह 8:35 बजे (स्थानीय समयानुसार) घटना के बारे में कॉल अलर्ट आया। इसके तुरंत बाद मौके पर 9 एम्बुलेंस, 3 अग्निशमन वाहन और एक बचाव वाहन को भेजा गया।*

**एर्दोआन और जेलेंस्की का संयुक्त संवाददाता सम्मेलन**

## युद्धग्रस्त यूक्रेन नाटो गठबंधन का सदस्य बनने का हकदार: तुर्किये

**एजेंसी** | इस्तांबुल

तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने का शनिवार को समर्थन करते हुए कहा कि युद्धग्रस्त देश इस गठबंधन का हिस्सा बनने का हकदार है। एर्दोआन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

जेलेंस्की यूक्रेन को इस सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनाने के लिए समर्थन जुटाने के लिए यूरोप की यात्रा पर हैं। नाटो नेता अगले सप्ताह लिथुआनिया के वीनियस में बैठक करेंगे, जिसमें उनके यूक्रेन को इस गठबंधन में शामिल करने के प्रति समर्थन जताने की संभावना है। एर्दोआन ने पत्रकारों से कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता का हकदार है।' तुर्किये स्वीडन को इस सैन्य गठबंधन में शामिल करने की अंतिम मंजूरी देने से कतरा रहा है।



### फिनलैंड का किया है समर्थन

स्वीडन और फिनलैंड ने पिछले साल यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद दशकों पुरानी अपनी तटस्थता की नीति छोड़कर नाटो में शामिल होने के लिए आवेदन दिया है। तुर्किये की संसद ने फिनलैंड की सदस्यता को मंजूरी दे दी है। एर्दोआन ने यह भी कहा कि वह तुर्किये और संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले अनाज सौदे की अवधि बढ़ाने पर काम कर रहे हैं, जिसके तहत काला सागर के जरिए यूक्रेन से तीन करोड़ टन से अधिक अनाज का निर्यात किया जा रहा है।

### रूस ने अवधि बढ़ाने से किया इनकार


रूस ने अपने अनाज और उर्वरकों के निर्यात में बाधाओं का हवाला देते हुए इस सौदे की अवधि 17 जुलाई से आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है। जेलेंस्की ने रूस पर जहाजों की आवाजाही बाधित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, 'रूस इस तरह से बर्ताव करता है कि मानो वह काला सागर का मालिक है।' एर्दोआन ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन अगस्त में तुर्किये की यात्रा पर आएंगे और उन्हें तब इस मुद्दे पर बातचीत होने की उम्मीद है।

**राहत:** अमेरिका ने नष्ट किए सभी रासायनिक हथियार

## बाइडेन का बड़ा ऐलान

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका ने दावा किया है कि उसने अपने सभी रासायनिक हथियार नष्ट कर दिए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को देश के अंतिम रासायनिक हथियारों के भंडार को नष्ट करने की घोषणा की। राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, '30 से अधिक वर्षों से, अमेरिका ने अपने रासायनिक हथियारों के भंडार को खत्म करने के लिए अथक प्रयास किया है। आज मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने उस भंडार में अंतिम गोला-बारूद को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया है, जिससे हम रासायनिक हथियारों की भयावहता से मुक्त दुनिया के एक कदम और करीब पहुंच गए हैं।' उन्होंने कहा, 'एक के बाद एक प्रशासनों ने तय किया कि इन हथियारों को फिर कभी विकसित या इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, और यह उपलब्धि न केवल रासायनिक हथियार समझौते के तहत हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को पूरा करती है, बल्कि यह पहली बार है कि किसी अंतरराष्ट्रीय इकाई ने सामूहिक विनाश के घोषित हथियारों की पूरी श्रेणी के विनाश को सत्यापित किया है।'



### रूस और सीरिया से भी की अपील

अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन हजारों अमेरिकियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने तीन दशकों से अधिक समय तक 'इस महान और चुनौतीपूर्ण मिशन' के लिए अपना समय और प्रतिभा दी। बाइडेन ने कहा, 'मैं शेष देशों को रासायनिक हथियार समझौते में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता रहूंगा ताकि रासायनिक हथियारों पर वैश्विक प्रतिबंध अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सके।' उन्होंने कहा कि रूस और सीरिया को भी रासायनिक हथियार समझौते के अनुपालन में लौटना चाहिए।'

### ऐसे किए गए हथियार खत्म

दरअसल, ब्लू ग्रास आर्मी डिपो के कार्यकर्ताओं ने जीबी नर्व एजेंट से भरे रॉकेटों को नष्ट कर दिया, जो अमेरिका के घोषित रासायनिक हथियारों में से अंतिम थे और शीत युद्ध के अंत तक 30,000 टन से अधिक के भंडार को खत्म करने के लिए एक दशक लंबे अभियान को पूरा किया। हथियारों का विनाश रिचमंड, केंटुकी और प्यूब्लो, कोलोराडो के लिए एक बड़ा संकट है, जहां पिछले महीने एक सेना डिपो ने अपने अंतिम रासायनिक एजेंटों को नष्ट कर दिया था। यह दुनिया भर में हथियार नियंत्रण प्रयासों के लिए भी एक निर्णायक क्षण है। केंटुकी में नष्ट किए गए जीबी नर्व एजेंट वाले 51,000 एम55 रॉकेट अंतिम थे।

## चीन घुसा ताइवान के रक्षा क्षेत्र में

**बीजिंग।** चीन की पीएलए ने शनिवार को ताइवान के हवाई और जल क्षेत्र में 13 लड़ाकू विमान तथा छह युद्ध पोत भेजे। चीन ने यूएस वित्त मंत्री जेनेट येलेन की बीजिंग यात्रा के बीच यह कदम उठाया। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चार चीनी विमान-दो एसयू-30 लड़ाकू विमान, एक बीजेडके-005 टोही विमान और एक वाई-8 पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान, ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा व ताइवान के हवाई रक्षा क्षेत्र को पार कर गए।

## नीदरलैंड के PM मार्क रट ने दिया इस्तीफा, नए चुनाव की संभावना

**एजेंसी** | हेग

नीदरलैंड में आव्रजन के मुद्दे पर चार दलों के गठबंधन में परस्पर मतभेद के कारण सरकार गिर गई है। देश में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे मार्क रट के शुक्रवार को इस्तीफा देने से देश में इस साल अब आम चुनाव होंगे। रट और उनके नेतृत्व वाली सरकार नई सरकार बनने तक कामकाज संभालेगी। उन्होंने हेग में पत्रकारों से कहा, 'आव्रजन की नीति पर गठबंधन सहयोगियों के बीच मतभेद कोई छिपी हुई बात नहीं है। आज दुर्भाग्य से हम इसी नतीजे पर पहुंचे कि ये मतभेद परस्पर विरोधी हैं। इसलिए मैंने तुरंत महाराजा को पत्र लिखकर समूची कैबिनेट के इस्तीफे की पेशकश की।'

विपक्षी दलों के सांसदों ने भी बिना समय गंवाए नए चुनावों की मांग की। यहां तक कि उन्होंने रट के औपचारिक इस्तीफे का इंतजार भी नहीं किया। आव्रजन विरोधी 'पार्टी फॉर फ्रीडम' के नेता गीर्ट विल्डर्स ने ट्वीट किया, 'जल्द चुनाव हों।'

'ग्रीन लेफ्ट' पार्टी के नेता जेस्सी क्लावेर ने कहा, 'इस देश को बदलाव की जरूरत है।' रट ने गुरुवार देर रात तक बैठकें की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

**धरती पर पानी कहां से आया!**

## जमीन में छिपे सबूतों से होगा खुलासा

**एजेंसी** | वाशिंगटन

पृथ्वी की सतह पर 71 फीसदी हिस्सा पानी से ढंका होने के बावजूद इसकी उत्पत्ति एक रहस्य का विषय है। अब कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने इस रहस्य के खुलासे में एक और कदम बढ़ाया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक पृथ्वी का निर्माण सूखी चट्टानों से हुआ था, जाहिर है पानी बाद में आया होगा। अनुमान है कि पृथ्वी 4.5 अरब वर्ष पुरानी है और वैज्ञानिक अभी भी यह जानने में लगे हैं कि आखिर इसका निर्माण कैसे हुआ? इस अध्ययन का एक तरीका पृथ्वी के आंतरिक भाग में गर्म मैग्मा की जांच करना है।



### काफी देर से आया पानी

हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने ग्रह की गहराई में पानी सहित अस्थिर रसायनों की कमी का पता लगाया है। शोधकर्ता इसी कारण मानते हैं कि हमारा ग्रह जब एक सख्त चट्टान बना तब यह पूरी तरह सूखा था। इसके जरिए वह पृथ्वी समेत सौर मंडल के अन्य चट्टानी ग्रहों के निर्माण का पता लगा सकेंगे। इस स्टडी का नेतृत्व करने वाले डॉ. फ्रेंकोइस टिसोट ने कहा, 'स्पेस एक्स्प्लोरेशन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि पानी वाली दुनिया ही संभवतः जीवन की खोज की सबसे अच्छी जगह है।'

### जमीन के नीचे छिपे हैं सबूत!

मैग्मा पृथ्वी की अलग-अलग गहराई में होते हैं। ऊपरी मेंटल 15 किमी गहराई से शुरू होता है और लगभग 680 किमी तक फैला होता है। निचला मेंटल 680 किमी से 2900 किमी कोर मेंटल की सीमा तक फैला होता है। पृथ्वी का निर्माण तुरंत नहीं हुआ, बल्कि समय के साथ अलग-अलग सामग्रियों के आपस में मिलने से इसका विकास हुआ। निचला मेंटल और ऊपरी मेंटल पृथ्वी के निर्माण से जुड़ी जानकारी दे सकते हैं।

**पत्नी की हत्या कर दिमाग खा गया, खोपड़ी की बनाई एश ट्रे...**

## हत्यारा बोला- शैतान ने दिया था आदेश

**एजेंसी** | मैक्सिको सिटी

मेक्सिको में एक व्यक्ति को उसकी पत्नी की हत्या और उसके शव के साथ डरावने काम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी शैतान की पूजा करता था। उसने अपनी पत्नी मारिया मोंटसेराट के दिमाग को टाकोस में भर कर खा लिया। टाकोस एक प्रसिद्ध व्यंजन है जो रोटी जैसा होता है। इतना ही नहीं, उसने अपनी पत्नी की खोपड़ी को ऐश ट्रे बना लिया और उसमें सिगरेट की राख डालने लगा। आरोपी का नाम अल्वारो (32) है, जिसे 2 जुलाई को प्यूब्ला में घर से पकड़ा गया था।



उसकी पत्नी की मां एलिसिया ने 29 जून को अल्वारो पर हत्या का आरोप लगाया। जांच के दौरान अल्वारो ने कहा कि ऐसा करने के लिए उसे शैतान ने आदेश दिया। उसके 12 से 23 साल की पांच बेटियां हैं।

हत्या के बाद अल्वारो ने एक बेटी को फोन किया और उसे उसकी मां को मारने की बात कबूली। उसकी पुत्री ने बताया कि आरोपी शैतान की पूजा करता है।




Sach Bedhadak SachBedhadak Sach Bedhadak sach_bedhadak



सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl